लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# दैनिक अमन लेखनी



इस कूल-कूल सीजन में हॉट-स्टाइलिश जैकेट्स.... | तब सर्दियों में भी लिप्स रहेंगे सॉफ्ट.....

वर्ष : 09 | अंक : 357 | लखनऊ, 06 दिसम्बर, बुधवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए


**मौसम**

अधिकतम तापमान 25.c

न्यूनतम तापमान 17.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 66,901.91

निफटी 20,096.60

## संक्षिप्त समाचार

### ओएनजीसी मई 2024 में केजी ब्लॉक से वाणिज्यिक तेल उत्पादन शुरू करेगी: मंत्री

नई दिल्ली, सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एवं नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) अगले साल मई में कृष्णा गोदावरी बेसिन में गहरे सागर में स्थित अपनी प्रमुख परियोजना से कच्चे तेल का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगी। यह जानकारी सोमवार को राज्यसभा को दी गई।एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने कहा कि ओएनजीसी की केजी बेसिन परियोजना, केजी डीडब्ल्यूएन-98/2, चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में आता है। परियोजना कार्यान्वयन में कई चुनौतियों और मुद्दों के कारण देरी हुई है। उन्होंने कहा कि कंपनी अगले साल मई में कृष्णा गोदावरी बेसिन में गहरे सागर में स्थित अपनी प्रमुख परियोजना से कच्चे तेल का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगी।

### चुनावी नतीजों से निराश नहीं, जल्द लोकसभा की चुनाव की तैयारियों में जुटेंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वह विधानसभा चुनावों के नतीजों से निराश नहीं है तथा जल्द ही लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएगी।पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि कांग्रेस दृढ़ संकल्पित है तथा आगे लड़ाई जारी रखेगी।रमेश ने यह भी कहा कि छह दिसंबर की शाम कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर बुलाई गई इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की बैठक अनौपचारिक है तथा आगे औपचारिक बैठक भी होगी।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, तेलंगाना की जीत के बावजूद चुनाव नतीजे निराशाजनक हैं, लेकिन हम निराश नही हैं। नतीजों का विश्लेषण हो रहा है। रमेश ने कहा, हमारा संकल्प दृढ़ है।हम लड़ेंगे।लोकसभा चुनाव के लिए तैयारी जल्द शुरू हो जाएगी। छह दिसंबर की शाम मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के नेताओं की अनौपचारिक बैठक बुलाई है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

### अवैध विदेशी फंडिंग देश को पहुँचा रही नुकसान

देश में समान बैंकिंग संहिता की मांग को लेकर वरिष्ठ अधिवक्ता और भारत के पीआईएल मैन के रूप में विख्यात अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर आज न्यायालय में सुनवाई हुई। हम आपको बता दें कि इस याचिका में अश्विनी उपाध्याय ने कहा है कि विदेशी कोष के स्थानांतरण के लेकर प्रणाली में कुछ खामियां हैं जिनका फायदा अलगाववादी, नक्सली, माओवादी और आतंकवादी उठाते हैं। उनका कहना है कि समान बैंकिंग संहिता देश के लिए जरूरी है। हम आपको बता दें कि इस मामले की अगली सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।उपाध्याय ने केंद्र सरकार से निवेदन किया है कि उससे पहले वह यूनिफॉर्म बैंकिंग कोड लायें क्योंकि विदेशी बैंक NEFT-RTGS के जरिए विदेशी लेनदेन कर रहे हैं इसलिए आरबीआई को अवैध विदेशी फंडिंग का पता ही नहीं चलता है।

# द्विपक्षीय संबंध मजबूत करेंगे भारत और केन्या

## हमारी विदेश नीति में अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता : पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो भारत के दौरे पर हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और केन्या के राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो की मौजूदगी में भारत और केन्या के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने अपनी विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले लगभग एक दशक में अफ्रीका के साथ अपने संबंधों का मिशन मोड पर विस्तार किया है। उन्होंने कहा कि केन्या के राष्ट्रपति की भारत यात्रा से न केवल द्विपक्षीय संबंध मजबूत होंगे बल्कि अफ्रीका के साथ हमारे जुड़ाव को नई गति मिलेगी।

मोदी ने केन्या के राष्ट्रपति के साथ बातचीत के बाद कहा कि हम भारत-केन्या आर्थिक संबंधों की पूरी क्षमता का पता लगाने के लिए नए अवसर तलाशना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हमने केन्या के कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण के लिए 25 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। मोदी ने कहा कि हिंद-प्रशांत में भारत और केन्या के बीच निकट सहयोग साझा प्रयासों को आगे बढ़ाएगा। मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति विलियम सामोई रुतो और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। भारत की विदेशी नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता का स्थान दिया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। मुझे विश्वास है कि राष्ट्रपति रुतो के यात्रा से हमारे द्विपक्षीय संबंध के साथ-साथ पूरे अफ्रीका महाद्वीप के साथ हमारे काम को नया बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि पिछली शताब्दी में हमने (भारत-केन्या) मिलकर उपनिवेशवाद का विरोध किया था। भारत और केन्या ऐसे देश हैं जिनका अतीत और भविष्य साझा है।एक प्रगतिशील भविष्य की नींव रखते हुए आज हमने सभी क्षेत्र में अपने सहयोग को मजबूत करने का निर्णय लिया। भारत और केन्या के बीच व्यापार और निवेश में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हमारे आर्थिक सहयोग की पूरी क्षमता का एहसास करने के लिए हम नए अवसरों की तलाश जारी रखेंगे। भारत केन्या के लिए एक प्रतिबद्ध विकास भागीदार रहा है।

पीएम ने कहा कि मुझे खुशी है कि केन्या ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन से जुड़ने का निर्णय लिया है साथ ही केन्या द्वारा लिए गए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस से जुड़ने के निर्णय से हम बिग कैट के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को सशक्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत और केन्या एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर चुनौती है। इस संबंध में हमने काउंटर-टेररिज्म के क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि केन्या को अपना दूसरा घर मानने वाले करीब 80 हजार भारतीय मूल के लोग हमारे संबंधों की सबसे बड़ी ताकत हैं। उनकी देख-रेख के लिए केन्या से मिल रहे सहयोग के लिए मैं राष्ट्रपति रुतो का व्यक्तिगत रूप से आभार व्यक्त करता हूं।

विलियम सामोई रुतो ने कहा कि मुझे आमंत्रित करने के लिए मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देता हूं। हमारा शानदार स्वागत हुआ। हमने पारस्परिक महत्व और महत्त्व की व्यापक बातचीत की है। मैंने जी 20 की सफलतापूर्वक मेजबानी करने और अफ्रीकी लोगों के हितों का समर्थन करने के लिए पीएम मोदी को बधाई दी...

# विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति पर राज्यपाल से मुलाकात सार्थक रही: ममता

अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति को लेकर सोमवार शाम राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस के साथ बैठक की और इस मुलाकात को सार्थक बताया। बनर्जी ने हालांकि इस सवाल का जवाब नहीं दिया कि क्या कुलपतियों की नियुक्ति के लिए एक तलाश समिति (सर्च कमेटी) बनाने के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर कोई चर्चा हुई थी। राजभवन में करीब एक घंटे तक चली बैठक से बाहर आने के बाद बनर्जी ने कहा, बैठक अच्छी रही। चचाएं सार्थक रहीं। राज्य संचालित विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति सहित विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल और ममता बनर्जी सरकार के बीच खींचतान चल रही है। उच्च शिक्षा विभाग ने दावा किया कि कुलपतियों की नियुक्ति के आदेश अवैध थे क्योंकि राज्यपाल ने नियुक्तियां करने से पहले विभाग से परामर्श नहीं लिया था।

बनर्जी ने कहा, कोई आलोचना, टकराव नहीं होना चाहिए। कई लोग कहते हैं कि राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच मतभेद है। यह सही नहीं है। इस मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले पर उन्होंने कहा कि फैसले के दो चरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, एक अंतरिम कुलपति के मुद्दे को ठीक करना है और दूसरा कुलपतियों की नियुक्ति के लिए पांच सदस्यों की एक समिति गठित करना है। हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है।

# ओएनडीसी मंच पर 2025 तक एक करोड़ व्यापारी जोड़ेगी पेटीएम: विजय शेखर शर्मा

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, डिजिटल भुगतान मंच पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन की योजना सरकारी ई-कॉमर्स मंच ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) पर 2025 तक एक करोड़ व्यापारी जोड़ने की है।पेटीएम के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने कहा कि कंपनी ने ओएनडीसी मंच से करीब 1.18 करोड़ ग्राहकों को उसके उत्पाद तक पहुंच बनाते देखा है। शर्मा ने ओएनडीसी के एक कार्यक्रम के दौरान संवाददाताओं से अलग से बातचीत में कहा, पेटीएम का तंत्र छोटे व्यापारियों को लेकर बना है। हम जिस मिशन पर हैं, उसके तहत छोटे व्यापारियों और छोटे व्यवसायों को मुख्यधारा की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बनने में मदद करना है। हमने इसे भुगतान द्वारा किया। जिन लोगों को हमने नया भुगतान दिया है वे सभी नए ग्राहक चाहते हैं...हमारी योजना 2025 समाप्त होने से पहले एक करोड़ व्यापारियों को ओएनडीसी पर लाने की है। ओएनडीसी उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की पहल है।इसका मकसद देश में ई-कॉमर्स के लिये समावेशी परिवेश तैयार करना है।

# जम्मू–कश्मीर से जुड़े दो बिल संसद में पेश

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। आज दूसरा दिन था। लोकसभा में आज जम्मू कश्मीर से जुड़े दो विधेयकों को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पेश किया। उन्होंने कहा कि एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झंडा कैसे हो सकते हैं? वहीं डीएम के सांसद सेंथिल कुमार के बयान की वजह से भी हंगामा मच गया जिसमें उन्होंने हिंदी भाषी राज्यों को गौमूत्र राज्य कहा। वहीं राज्यसभा में आज देश की आर्थिक स्थिति विषय पर अल्पकालिक चर्चा हुई।इस चर्चा में सांसदों ने अपनी बात रखी है।

### लोकसभा की कार्यवाही

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि देश में एक ध्वज, एक प्रधानमंत्री, एक संविधान की अवधारणा कोई राजनीतिक नारा नहीं है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इस सिद्धांत में दृढ़ता से विश्वास करती है तथा उसने जम्मू कश्मीर में आखिरकार यह कर दिखाया है। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के सदस्य सौगत राय ने कहा कि देश में एक निशान, एक प्रधान, एक संविधान एक राजनीतिक नारा था।



- कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सहित विभिन्न विपक्षी दलों के सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव यथाशीघ्र कराने की मांग लोकसभा में मंगलवार को की। विपक्षी दलों ने जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर सदन में संयुक्त चर्चा के दौरान सरकार से मांग की कि जम्मू कश्मीर में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव की घोषणा की जाए। गृह मंत्री अमित शाह ने दोनों विधेयकों को चर्चा एवं पारित किये जाने के लिए सदन के समक्ष रखा। इस विषय पर कई सांसदों ने अपनी राय रखी। केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने जम्मू कश्मीर में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय की गयी गलतियों को सुधारा है और पिछले चार वर्ष में केंद्रशासित प्रदेश में बड़ा बदलाव देखने को मिला है।

- केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि कृषि सुधारों को लेकर स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट संप्रग सरकार के दौरान आई थी लेकिन नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार ने इसकी सिफारिशों पर काम करना शुरू किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) उत्पाद लागत से 50 प्रतिशत अधिक तय किया।

- लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को मणिपुर की हिंसा का विषय सदन में उठाया और कहा कि हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि वहां राष्ट्रपति शासन लगाने की जरूरत है। उन्होंने सदन में शून्यकाल के दौरान यह विषय उठाया।

# राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

अमन लेखनी समाचार

राजस्थान। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेढ़ी को मंगलवार को जयपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। सुखदेव सिंह को श्यामनगर इलाके में गोली मारी गई। दिनदहाड़े स्कूटी सवार बदमाशों ने मंगलवार गोगामेढ़ी पर गोलियां चलाईं। फिर भाग निकले। गोगामेढ़ी को मेट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



### पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

सुखदेव सिंह गोगामेढ़ी पर फायरिंग की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस के अलावा आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बताया जा रहा है कि अज्ञात बदमाशों ने सुखदेव सिंह गोगामेढ़ी के घर पर ही फायरिंग की। जयपुर स्थित सुखदेव सिंह के घर पर चार अज्ञात बदमाश आए थे।

### सीसीटीवी पड़ताल में जुटी पुलिस

बदमाशों ने गनमैन नरेंद्र को भी मारी गोली। घटना की जानकारी मिलते ही श्याम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी पड़ताल में जुटी है। श्याम नगर में दाना पानी रेस्टोरेंट के पीछे की घटना है। लॉरेंस विश्नोई गैंग के संपत नेहरा ने पूर्व में धमकी दी थी। मामले को लेकर जयपुर पुलिस को ज्ञापन दिया था। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नाम से अलग संगठन बनाया

सुखदेव सिंह गोगामेढ़ी को गोलियां कहा लगी है और किन लोगों ने चलाई है, इसका अभी खुलासा नहीं हो पाया है। सुखदेव सिंह गोगामेढ़ी लंबे समय तक राष्ट्रीय करणी सेना से जुड़े रहे। उन्होंने करणी सेना संगठन में काफी समय पहले हुए विवाद के बाद राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के नाम से अलग संगठन बना लिया था। गोगामेढ़ी उसके अध्यक्ष थे। वे फिल्म पद्मावत और गैंगस्टर आनंदपाल एनकाउंटर केस के बाद राजस्थान में हुए विरोध प्रदर्शन से चर्चा में आए थे। इन मुद्दे को लेकर उनके कई वीडियो भी वायरल हुए थे।

# रूस के साथ संबंधों को भारत के लिए बाधा मानना ठीक नहीं : जयशंकर

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि रूस के साथ भारत का 60 साल पुराना रिश्ता है और यह कहना सही नहीं है कि यह रिश्ता नयी दिल्ली के लिए बाधा है। जयशंकर की एक प्रौद्योगिकी सम्मेलन में यह टिप्पणी यूक्रेन में युद्ध के बावजूद मजबूत भारत-रूस संबंधों के कारण पश्चिमी शक्तियों के बीच बढ़ती बेचैनी की पृष्ठभूमि में आई है। उन्होंने कहा, रूस के साथ हमारा रिश्ता है और यह रिश्ता एक पल, एक दिन, एक महीने या एक साल में बना रिश्ता नहीं है। यह लगभग 60 वर्षों का संचित संबंध है। जयशंकर ने कहा, अक्सर मैं देखता हूं कि एक समस्या को इस तरह से परिभाषित किया जाता है जैसे कि इस संबंध के कारण भारत में कहीं न कहीं कोई बाधा है। उन्होंने कहा कि इस रिश्ते ने हमें कई बार बचाया है। जयशंकर ने दोनों पक्षों के संबंध के ऐतिहासिक पहलुओं का भी जिक्र किया। वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और वितरण के प्रयासों को प्रधानमंत्री प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण कहते हैं। आज औसत व्यक्ति न केवल इसका उपयोग करता है बल्कि इससे जुड़ता भी है।

# अटकलों के बीच शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान, बोले- मैं सीएम का दावेदार नहीं

अमन लेखनी समाचार

मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस बरकरार है। रेस में कई नाम चल रहे हैं। हालांकि, वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को लेकर भी चर्चा लगातार हो रही है। इन सब के बीच शिवराज सिंह का बड़ा बयान आया है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री का दावेदार न तो पहले कभी रहा और न आज हूं। मैं एक कार्यकर्ता के नाते बीजेपी मुझे जो भी काम देगी उस काम को समर्पित भाव से अपनी क्षमता के अनुसार करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का एक बार फिर से आभार।



### ये चेहरे रेस में

आपको बता दें कि इससे पहले सूत्रों के हवाले से खबर आई थी कि बीजेपी शिवराज सिंह चौहान को एक और मौका दे सकती है। मध्य प्रदेश की बात करें तो वहां शिवराज सिंह चौहान के लोकप्रियता खूब है। हालांकि, भाजपा ने उन्हें इस बार मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं बनाया था। ऐसे में वहां का मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसको लेकर सस्पेंस पूरी तरीके से बरकरार है। मुख्यमंत्री की रेस में फिलहाल शिवराज सिंह चौहान के अलावा नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे नाम की चर्चा तेज है। हालांकि सभी नेता इस पर खुलकर बात करने से कतरा रहे हैं और उनका साफ तौर पर कहना है कि आलाकमान इसका फैसला करेगा।

### चर्चा जारी

वर्तमान में देखें तो बीजेपी कहीं ना कहीं जो उसकी प्रक्रिया है उसके मुताबिक चलती हुई दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि बीजेपी इन राज्यों में अपनी पर्यवेक्षक भेजेगी। विधायकों की राय जानने के बाद ही मुख्यमंत्री को लेकर अंतिम फैसला लिया जाएगा। इसके अलावा भाजपा का जो संसदीय बोर्ड है वह भी मुख्यमंत्री पद को लेकर कोई बड़ा फैसला ले सकता है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान को लेकर कई नाम लगातार चर्चा में बने हुए हैं। लेकिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह वाली भाजपा लगातार चौंकाने वाले फैसले करती है। ऐसे में जिन नामों को लेकर चर्चा है, उनके अलावा भी कोई अन्य नाम मुख्यमंत्री की रेस में सबसे आगे हो सकता है।

# आंध्र प्रदेश के बापटला तट से टकराया चक्रवाती तूफान

## लैंडफॉल के बाद मूसलाधार बारिश, 12 की मौत

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गंभीर चक्रवाती तूफान मिगजॉम 90-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाओं के साथ बापटला जिले के करीब आंध्र प्रदेश तट को पार कर गया। वहीं, चेन्नई और उसके आसपास बारिश से संबंधित विभिन्न घटनाओं में अब तक कम से कम 12 लोगों की जान चली गई है, क्योंकि चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण सोमवार को शहर और आसपास के जिलों में लगातार बारिश हुई। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) का कहना है कि चक्रवात मिचुआंग की भूस्खलन प्रक्रिया पूरी हो गई है। चेन्नई के पश्चिम ताम्बरम के बाढ़ग्रस्त कृष्णा नगर इलाके में रहने वाले लोगों को फुली हुई नावों का उपयोग करके बचाया जा रहा है। पुलिस, स्थानीय प्रशासन और स्वयंसेवकों द्वारा बचाव प्रयास जारी हैं।




अधिकारी ने कहा कि लकड़ी एवं पोल कटर से लैस और नौकाओं के साथ बचाव दल पहले से ही तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में मार्ग-साफ करने का काम कर रहे हैं, जहां मंगलवार सुबह चक्रवात ने कहर बरपाया था। एनडीआरएफ के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि कुछ अतिरिक्त टीम को तैयार रखा गया है और राज्य सरकारों द्वारा मांग किए जाने पर उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में भेजा जाएगा। बापटला जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) वकुल जिंदल ने बताया कि क्षेत्र में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि 21 चक्रवात राहत शिविर स्थापित किए गए हैं, जबकि जिले में 10 पेड़ उखड़ गए हैं और पुलों में पानी सुरक्षित सीमा से बढ़ गया है।

कुछ लोगों को वाहनों से राहत शिविर ले जाया गया और आस-पास रहने वाले लोग वहां पैदल चले गए। इससे पूर्व सोमवार को बापटला के जिला कलेक्टर रंजीत बाशा, जिंदल एवं विधायक के. रघुपति ने सूर्यलंका तट का दौरा किया था और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए थे। जिले में हर थाने में जेसीबी मशीन, कटर मशीन, रस्सियां और विशेषज्ञ तैराक हैं। पिछली घटनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला पुलिस ने 24 संवेदनशील पुलों की पहचान की है और वहां पुलिस कर्मियों को तैनात किया। इसी तरह 300 पुलिस कर्मियों और अन्य अधिकारियों को उन गांवों में तैनात किया गया है जहां बाढ़ आने की आशंका है। आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला पुलिस मुख्यालय में अतिरिक्त 60 पुलिसकर्मियों को अलर्ट पर रखा गया है।

# फिजियोथेरेपिस्ट ने पत्नी को चाकू से गोदकर मार डाला

**बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद वारदात को दिया अंजाम**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ-** ठाकुरगंज के रोशननगर में एक फिजियोथेरेपिस्ट ने पत्नी को चाकू से गोदकर मार डाला। शव सबसे पीछे वाले कमरे में चादर से लपेट कर रख दिया। उसके ऊपर फोल्डिंग (चारपाई) रख दी। उसके बाद वह भाग निकला। मंगलवार को मृतका के छोटे बेटे ने अपनी नानी को फोन कर मां के न मिलने की बात कही। तब मायके वाले उसके घर पहुंचे। खोजबीन के दौरान महिला का खून से सना शव मिला। रोशननगर निवासी आनंदेश्वर अग्रहरि पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट है। आनंदेश्वर अपनी पत्नी संध्या साहू (40) व दो बेटे तनिष्क (14 वर्ष) व शौर्य (9 वर्ष) के साथ रहता था। तनिष्क मूकबधिर है। नाका निवासी संध्या की मां कमला साहू सोमवार शाम व रात को जब बेटी को कॉल की तो रिसीव नहीं हुआ। इधर मंगलवार को शौर्य ने उनको कॉल कर बताया कि मम्मी कहीं चली गई हैं। पापा भी नहीं है। यहां पर खून जैसा कुछ पड़ा हुआ है। ये सब सुनकर कमला अपने बेटे अमन के साथ संध्या के घर पहुंची। शौर्य ने दरवाजा खोला। जब वह भीतर गईं तो खोजबीन के दौरान ग्राउंड फ्लोर पर पीछे वाले कमरे में चारपाई के नीचे खून से सना चादर में लिपटा संध्या का शव मिला। तब पुलिस को सूचना दी गई।

# दो करोड़ विकास भारत एम्बेसडर तैयार करेगी भाजपा, सात दिसम्बर से शुरू होगा अभियान

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ-** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश में दो करोड़ से अधिक लोगों को नमो एप से जोड़कर विकसित भारत एम्बेसडर बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात दिसम्बर को नमो एप पर विकसित भारत एम्बेसडर नामक मॉड्यूल लांच करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने वर्चुअल माध्यम से क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष तथा जिला प्रभारियों तथा सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, ब्लाक प्रमुखों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप से जोड़ना है। इसके साथ ही प्रत्येक कार्यकर्ता द्वारा अधिक से अधिक लोगो को विकसित भारत एम्बेसडर बनाना है। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि नमो एप हमारी संगठनात्मक क्रियाशीलता के प्रदर्शन का सशक्त प्लेटफार्म है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा सात दिसम्बर से लांच होने वाले विकसित भारत एम्बेसडर मॉड्यूल के माध्यम से एक-एक कार्यकर्ता तथा नागरिकों के द्वारा किए जाने वाले संगठनात्मक कार्यों तथा रचनात्मक कार्यों को बड़ा कैनवास मिलेगा। जो स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के माध्यम आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता के मल्टीमीडिया मोबाइल में नमो एप डाउनलोड कराना है। इसके साथ ही सात दिसम्बर से ही अभियान चलाकर विकसित भारत एम्बेसडर मॉड्यूल से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल से लेकर बूथ तक के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा सांसद विधायक से लेकर सभी जनप्रतिनिधि प्रदेश द्वारा लिए गए दो करोड़ लोगों को अभियान से जोड़ने के लक्ष्य से अधिक परिणाम देने में सहभागी बनेंगे। मोदी एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह चहल ने कहा कि जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को विकसित भारत एम्बेसडर से लोगों को जोड़ने की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे प्रशिक्षित कार्यकर्ता लोगों को जोड़ने में प्रभावी भूमिका निभा सकेंगे। वर्चुअल बैठक में प्रमुख रूप से केन्द्र सरकार के मंत्री डा. महेन्द्र नाथ पाण्डेय, जनरल वीके सिंह, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, अजय मिश्रा टेनी, भानु प्रताप वर्मा, पंकज चौधरी, एसपी सिंह बघेल, बीएल वर्मा, प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, लक्ष्मी नारायण चौधरी, बेबी रानी मौर्य, जयवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, अनिल राजभर, जितिन प्रसाद, राकेश सचान सहित बड़ी संख्या में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री उपस्थित रहे।

# पक्षियों के शिकार में युवक को लगी गोली, हालत गंभीर

**पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी पर मुकदमा किया दर्ज**

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** तालाब के किनारे पक्षियों का शिकार कर रहे एक अधेड़ की बंदूक से निकली गोली से गांव का ही एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मनकौटी निवासी रामगोपाल ने आरोप लगाया है कि मंगलवार सुबह करीब 11 बजे उसका पुत्र अमरेश वर्मा भतीजे के निमार्णाधीन मकान पर गया था। उसी दौरान उसी गांव निवासी बदलू उर्फ बादल खां इक्किलाख के तालाब पर बंदूक से फायर कर पक्षियों का शिकार कर रहे थे। तभी तालाब के पास खड़े अमरेश वर्मा को निकली गोली के छर्रे उसके सिर और उसकी गर्दन में लग गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके बाद शिकारी मौके से भाग खड़ा हुआ। परिजनों ने आनन फानन में उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी हैं, शास्त्र लाइसेंस की जांच की जा रही है, इस तरह के दुर्लभ पक्षियों को बचाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अवैध रूप से शिकार करने वालों पर शिकंजा कसा जाए, ताकि इनकी विलुप्त हो रही आबादी को बचाया जा सके।

# बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और हजारों रुपए की नगदी किया पार

सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर में बेखौफ चोरों ने बीते दिनों एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए कीमत के गहने और हजारों रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कई दिनों बाद मंगलवार को मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सरोजनीनगर के सांई सुरक्षा नगर, अमौसी निवासी दिलीप कुमार मिश्रा के मुताबिक बीती 17 नवंबर को वह अपने घर में ताला बंद कर परिवार सहित छठ पूजा में शामिल होने अपने मूल घर कुशीनगर जिले के रविंद्र नगर स्थित मठियाराम गोविन्द गांव गए थे। जब 21 नवंबर को वापस लौटे तो देखा कि छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने कमरों के ताले तोड़कर करीब 3 लाख रुपये कीमत के गहने और 60 हजार रुपये की नगदी पार कर दी। यह देख दिलीप के होश उड़ गए और उन्होंने आनन फानन इसकी सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर वापस लौट गई। बाद में दिलीप ने घटना की तहरीर सरोजनीनगर थाने में दी। फिलहाल पुलिस ने मंगलवार को मामले की रिपोर्ट दर्ज कर ली और चोरों का सुराग लगा रही है।

# आरटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, चार पर हुई कार्यवाही



अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** परिवहन विभाग की ओर से मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। एआरटीओ ने चार वाहनों का नियमों का उल्लंघन करने में कार्यवाही की। जबकि एक वाहन को सीज कर रहीमाबाद पुलिस को सुपुर्द कर दिया। चेकिंग अभियान को लेकर दिनभर लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर डग्गामार चालकों में खलबली मची रही। लखनऊ हरदोई राजमार्ग पर मंगलवार को एआरटीओ ने चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान दो पिकअप का ओवरलोडिंग में, ऑटो में परमिट नहीं, ओमनी वैन में नंबर प्लेट नही। परिवहन विभाग आरटीओ ने बिना नंबर प्लेट वाहन को किया सीज। इस संबंध में परिवहन विभाग के अधिकारी मनोज भारद्वाज ने बताया कि चार वाहन पकड़े गए हैं, जिन पर कार्रवाई की गई है, और यह अभियान निरंतर लगातार जारी रहेगा। ओवर लोड वाहन अब किसी भी दशा में रोड पर नहीं दौड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने संदेह होने पर कई वाहनों की तलाशी ली। हालांकि किसी वाहन में कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई।

# अनियंत्रित कार, नाला पार कर दुकानो में घुसी, दो घायल

अमन लेखनी समाचार



निगोहां।प्रतापगढ़ से लखनऊ जा रही एक तेज रफ्तार कार मगंलवार की सुबह निगोहा कस्बे में अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बने नाले को पार कर पान की गुमटी को तोड़ती हुयी हाइवे किनारे एक लाइन से बनी आधा दर्जन दुकानो के आगे लगे टीन शेड तोड़ते हुये एक कार व टैक्सी में टक्कर मारने ने बाद दुकान के अंदर जा घुसी।गलीमत रही घटना सुबह की थी इस लिए दुकाने बंद होने से बड़ी अनहोनी की घटना टल गयी।दुर्घटना में चालक समेत दो लोग घायल हो गयें।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना करने वाली कार व चालक को थाने लेकर गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ के आलमबाग निवासी राहुल सिंह व ओम प्रकाश शर्मा का परिवार एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने प्रतापगढ गया था, जहां से मगंलवार की सुबह सभी लखनऊ वापस आ रहे थे. कार को चालक मुकेश राय चला रहा था, जैसे ही कार निगोहां कस्बे में पहुंची थी तभी चालक को अचानक से झपकी आ गयी।रफ्तार तेज होने से कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे बने नाले को पार कर अजय चौरसिया निवासी मीरखनगर की पान की गुमटी को तोड़ते सड़क किनारे बनी आधा दर्जन दुकानो के आगे लगे लोहे के शेड, फर्नीचर व काउंटरो को तोड़ते हुये कार में टक्कर मारने के बाद सड़क किनारे खड़ी एक विक्रम टैक्सी में जा घुसी।गलीमत रही सारी दुकाने बंद होने के चलते बड़ा हादसा टल गया।कार की टक्कर से सोनू पाल निवासी जवाहरखेड़ा की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान,

मनोज यादव निवासी गरीबखेड़ा की मोबाइल शाप, राकेश निवासी रतानपुर की बैट्री की दुकान, सत्यम द्विवेदी की दुकान, बाला जी कचौड़ी के आगे लगा टीम शेड समेत फर्नीचर व अन्य सामान टूट गया।राजे?न्द्र तिवारी के घर के अगले हिस्से की दीवारो समेत टैक्सी क्षतिग्रस्त हो गयी।दुर्घटना चालक मुकेश समेत दो लोग घायल हो गयें।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलो को अस्पताल भिजवाने के साथ दुर्घटना करने वाली कार को थाने लेकर गयी।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया दुर्घटना करने वाली कार को कब्जे में ले लिया गया है।पीड़ित दुकानदारो के तहरीर देने पर कार्यवाही की जायेगी।

# जालसाजों ने होटल की बुकिंग के उद्देश्य खाते से उड़ाई रकम

अमन लेखनी समाचार

**सरोजनी नगर लखनऊ।** राजधानी में साइबर जालसाजी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। आलम यह कि बीते दिनों होटल की बुकिंग करने के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन कर रहे एक व्यक्ति को झांसे में लेकर जालसाज ने उसके खाते से लाखों रुपए की रकम हड़प ली। अपने साथ धोखाधड़ी की भनक लगने पर पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी निवासी सिबतैन अहमद के मुताबिक बीती 28 नवंबर को वह इलाके में ही कानपुर रोड स्थित लेमन ट्री होटल की बुकिंग करने के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन कर रहे थे। तभी क्रेडिट कार्ड से पेमेंट प्रोसेस करते समय अज्ञात व्यक्ति की उसके मोबाइल पर कॉल आई और उसने पेमेंट के लिए सिबतैन को कुछ सलाह दी। इस दौरान उसने एक बार ओटीपी भेजा, जिससे सिबतैन के क्रेडिट कार्ड से 3745 रुपये कट गए। इसके बाद उक्त व्यक्ति ने पेमेंट न होने की बात कह कर दोबारा ओटीपी भेजी और 10 रुपये काटकर पेमेंट की पुष्टि करने की बात कही। लेकिन ओटीपी वाले मैसेज में 4 लाख 63 हजार 755 रुपए दिखाई दे रहे थे, जिसे रकम देखकर सिबतैन ने विरोध किया और ओटीपी नहीं दी। लेकिन उसके बाद भ्रम की स्थिति पैदा करते हुए आरोपी ने उनसे मोबाइल का स्क्रीनशॉट मांग लिया। इस पर सिबतैन ने बिना ध्यान दिए ओटीपी सहित उसे स्क्रीनशॉट भेज दिया। बस इसी का फायदा उठाकर जालसाज ने सिबतैन के क्रेडिट कार्ड से 4,63,755 रुपये पार कर दिए। सिबतैन का कहना है कि खाते से निकली रकम लेकॉन सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड नाम की संस्था के खाते में गई है। यह देखते ही सिबतैन के होश उड़ गए और उसने इसकी सूचना साइबर सेल को दी। बाद में सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर साइबर सेल के जरिए जालसाज का पता लगा रही है।

# पत्नी का गला रेत कर पति फरार, घर में मिला खून से लथपथ शव

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लखनऊ के ठाकुरगंज थाना अंतर्गत मंगलवार को एक महिला की हत्या कर दी गई। हत्या उसके पति द्वारा गला रेतकर की गई, हत्या के बाद पति मौके से भाग निकला है. हत्या की जानकारी होती ही आसपड़ोस के लोग भारी तादाद में घटनास्थल पर पहुंच गए।इसके बाद पहुंची पुलिस जांच पड़ताल की और फोरेंसिक की टीम को सूचना दी. फोरेंसिक टीम जांच कर रही है.

ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के चोरघाटी के मकान में एक महिला का शव खून से लतपथ मिला था. जानकारी के मुताबिक पति आनंद साहू ने ही पत्नी संध्या साहू की धारदार हथियार से गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया है और हत्या करने के बाद पति मौके से फरार हो गया है. मोहल्ले के लोगों का कहना है कि जब लोग उसके घर पहुंचे तो महिला की गर्दन किसी धारदार हथियार से कटी हुई थी. दीवाल और बेड पर खून ही खून पड़ा हुआ था. आसपास के लोगों से पूछताछ में पता चला कि दोनों के बीच काफी दिनों से विवाद चल रहा था. घटना के बाद से आरोपी फरार है. पुलिस घर के अन्य लोगों व आसपास के लोगों से विस्तृत जानकारी जुटा रही है. थाना प्रभारी ठाकुरगंज विकास राय ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते पति ने पत्नी की गला रेत कर हत्या की है. आरोपी पति मौके से फरार है. जांच पड़ताल शुरू चल रही है. साथ ही आसपड़ोस के लोगों से अन्य बिंदुओं पर जानकारी जुटाई जा रही है. फोरेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटा रही है.

# निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसंबर तक चलेगा विशेष अभियान

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसंबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा॰ इस संबंध में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महानिदेशक डा. दीपा त्यागी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं जिला क्षय रोग अधिकारी डा. ए.के.सिंघल ने बताया कि शासन से प्राप्त निदेर्शों के अनुसार इस दौरान निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन बढ़ाने के लक्ष्य के साथ ही छूटे हुए टीबी केसों को निक्षय पोर्टल पर पर दर्ज कराने के लिए भी अभियान चलेगा अभियान के दौरान सभी पद्धति के निजी चिकित्सकों के साथ लैब और केमिस्टों के यहाँ जिला स्तरीय टीम भ्रमण करेगी॰ अभियान को लेकर माइक्रोप्लान तैयार कर लिया गया है और अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं॰ डा. सिंघल ने बताया कि टीबी नोटिफिकेशन में निजी सेवा प्रदाताओं की अहम भूमिका हैं॰ प्रत्येक टीबी रोगी के नोटिफिकेशन पर निजी चिकित्सक को 500 रुपये दिए जाने का प्रावधान हैं॰ अगर वह ऐसा नहीं करते हैं तो आईपीसी की धारा 269 एवं 270 के तहत दंडनीय अपराध है और सजा का भी प्रावधान है इस वर्ष निजी क्षेत्र में 11,900 टीबी रोगियों के नोटिफिकेशन का लक्ष्य है जिसमें से अभी तक 81.5 फीसद अर्थात 9697 टीबी रोगी निजी क्षेत्र द्वारा नोटिफाई किए गए हैं॰ जनपद में कुल 1617 निजी स्वास्थ्य सुविधाएं हैं जिसमें से 1104 स्वास्थ्य सुविधाओं ने टीबी रोगियों को नोटिफाई किया गया है जबकि 513 निष्क्रिय हैं॰ डा. सिंघल ने निजी सेवा प्रदाताओं से अपील की है कि वह टीबी रोगियों की सूचना निक्षय पोर्टल पर दर्ज करें॰ उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में निजी सेवा प्रदाताओं की संख्या बहुत कम है इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों के पर्यवेक्षकों को शहरी क्षेत्र में ड्यूटी लगाकर निजी चिकित्सालयों, केमिस्ट एवं लैब्स में भ्रमण कर अधिक से अधिक टीबी रोगियों को ढूंढने का प्रयास किया जाएगा । इस अभियान की मॉनिटरिंग स्टेट टीबी सेल, रीजनल टीबी प्रोग्राम टीबी मैनेजमेंट यूनिट, विश्व स्वास्थ्य संगठन, तकनीकी सहायक इकाइयों के द्वारा की जाएगी

# पार्षद ने सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर लखनऊ। सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड में मंगलवार को पार्षद रामनरेश रावत ने 150 मीटर लंबी और 4 मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क व पक्की नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह शिलान्यास विधि विधान से पूजा पाठ करने के साथ भाजपा कार्यकर्ता फूलचंद गौतम और मालती सिंह चौहान के हाथों नारियल तुड़वाकर किया गया। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि अवध विहार कॉलोनी स्थित राधे कृष्णा मैरिज लॉन के आगे मालती सिंह चौहान के घर से रामेश्वर त्यागी के घर होकर बदाली खेड़ा प्राथमिक स्कूल तक जर्जर पड़ी इस सड़क का निर्माण 18 लाख रुपए की लागत से डूडा विभाग द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते कई वर्षों से कच्चे पड़े इस रास्ते पर प्रायः कीचड़ बने रहने से लोगों के अलावा कॉलोनी वासियों को आने-जाने में भारी समस्या होती थी। लेकिन अब इंटरलॉकिंग सड़क और उसके बगल पक्की नाली बन जाने से लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि यह इंटरलॉकिंग सड़क विधायक राजेश्वर सिंह, सांसद कौशल किशोर और महापौर सुषमा खर्कवाल के प्रयास से बनेगी। वहीं शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को जब इंटरलॉकिंग रोड बनने की बात पता चली, तो उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर उक्त नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद रामनरेश रावत के अलावा मालती सिंह चौहान, अनीता बक्शी, दीपा श्रीवास्तव, संतोष त्रिपाठी, राजकिशोर पासी पत्रकार, सतीश रावत, जयराम यादव, लालचंद गौतम, रामेश्वर त्यागी, अयाज खान, राजू सिंह, सुरेंद्र रावत, नरेंद्र व आशीष शुक्ला सहित कॉलोनी के तमाम लोग मौजूद रहे।

# बैखोफ चोरो ने पुलिस पिकेट के पास से ई-रिक्शा उड़ाया

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। कस्बे में बैखोफ चोरो ने बीते सोमवार की देर रात कानपुर तिराहे की पुलिस पिकेट से महज 70मीटर की दूरी पर स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता काली शंकर चौरसिया के घर के बाहर खड़े ताले व लोहे की मोटी जंजीरो से बंधकर खड़े ई-रिक्शा को चुराकर आधा किलोमीटर दूर फुलवरिया मोड़ के पास स्थित प्लाटिंग साइड में ले जाकर उसमें लगी पांच बैट्रियों समेत अन्य सामान चुराकर ई रिक्शे को लावारिस छोड़कर फरार हो गये।मगंलवार की सुबह साढे चार बजे के करीब सोकर उठे अधिवक्ता के बेटे व मालिक अमित चौरसिया घर के बाहर निकले तो दरवाजे पर खड़ा ई रिक्शा गायब देखा व जंजीरे टूटी देखी तो उसके होश उड़ गये।जिसके बाद चंद कदम पर स्थित पुलिस पिकेट पर पहुंचकर वहा मौजूद पुलिसकर्मियों को ई-रिक्शा चोरी होने की सूचना दी।जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन शुरू हुयी तो कस्बे के बाहर फुलवारिया मोड़ के पास स्थित एक प्लाटिंग साइड पर ई-रिक्शा लावारिस हालत में खड़ा मिला??।उसमें लगी सभी पांचो बैट्रिया समेत अन्य सामान गायब था।जिसके बाद पीड़ित मालिक अमित चौरसिया ने पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही की मांग की।इसके पहले भी बैखोफ चोर कस्बे में सर्वेश कुमार व गौतम कुमार के 6जून की रात ई-रिक्शा चोरी कर उसी प्लाटिंग साइड में ले जाकर बैट्रियों समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर फरार हो गये थे।पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरो पर मुकदमा भी दर्ज किया था लेकिन घटना का खुलासा करने में नाकाम रही थी।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया पीड़ित ई-रिक्शा मालिक ने तहरीर दी है, जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# वसुंधरा लोटस इन्फ्राटेक के मालिक ने प्लाट देने के नाम पर 19लाख ठगे, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। एटा जनपद के शांतिनगर निवासी सुनील कुमार सिंह ने बताया 2014 में उन्होने वसुंधरा लोटस इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिडेट की मोहनलालगंज के जेल रोड पर स्थित अजालिया सिटी में अपनी पत्नी संयोगिता व छोटे भाई की पत्नी सौम्या के नाम अपने रिश्तेदार संदीप कुमार के जरिये प्लाटिंग कम्पनी के मालिक सुधीर कुमार सिंह निवासी एल्डिको चैम्बर, लखनऊ से 19लाख रुपए में दो प्लाट खरीदे थे, लेकिन नौ साल बीत जाने के बाद प्लाटिंग कम्पनी के मालिक ने प्लाटो पर कब्जा नही दिया??।जिसके बाद शक होने पर जमीन की तहसील में जांच करायी तो पता चला जिस जमीन पर प्लाट बेचे गये वो कम्पनी की नही है।अपने साथ ठगी का अहसास होने पर मोहनलालगंज पुलिस से शिकायत की तो सुधीर सिंह ने 18लाख रुपए के दो चेक देते हुये समझौता किया लेकिन जब चेक बैंक में लगाये तो पता चला हस्ताक्षर फर्जी है।जिसके बाद पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी से पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।डीसीपी ने जांच के बाद मोहनलालगंज पुलिस को मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दियें।इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर प्लाटिंग कम्पनी के मालिक समेत एक अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# नायब तहसीलदार पर बुजर्ग महिला को घर में बंद कर बाहर से ताला लगाने का लगा आरोप

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। प्रियंका वाजपेयी ने सरोजनीनगर नायब तहसीलदार पर आरोप लगाते हुए थानाध्यक्ष सरोजनीनगर को लिखित प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाया है।पीड़िता ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि मेरी माता मेरी गैरमौजूदगी में नायब तहसीलदार सरोजनीनगर जबरन मेरी मां जो की बुजुर्ग है दवा इलाज पर है उन्हे घर के अंदर बंद कर बाहर से गेट पर ताला लगा कर चले गए। इस बात की शिकायत प्रियंका वाजपेयी ने लिखित तहरीर सरोजनी नगर थाने में दी है।

प्रियंका ने बताया कि वो तीन बजे किसी काम से बाहर गई थी उसी समय सरोजनी नगर के नायाब तहसील दार आये और मेरी बुजुर्ग माँ को अंदर बंद करके बाहर से ताला लगा कर चले गए। प्रियंका का कहना है उनकी माँ बीमार और काफी बुजुर्ग हैं। उनको समय पर दवा देने की आवश्यकता है, प्रशासन एवम थाना प्रभारी से कि ताला खुलवाये जाने की मांग की है।

## संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात युवक का शव

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र में एक लगभग 48 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक के किनारे मिलने से सनसनी फैल गयी। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। थाना बिहार से मात्र 1 किलोमीटर दूर ग्राम रावतपुर में बने अंडरपास से कुछ दूरी पर एक अज्ञात अधेड़ यब का शव मिला उसके सर पर चोट का निशान है। स्थानीय लोगो के अनुसार सुबह कानपुर से रायबरेली की तरफ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस के ड्राइवर ने ट्रेन रोककर पास में ही मैच खेल रहे बच्चो से बताया कि एक युवक का शव ट्रैक के किनारे पड़ा है। देखते देखते वहां भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय मय दलबल घटनास्थल पर पहुचे। शव की जब तलाशी ली गयी उसके पास लालगंज से कानपुर के टिकट मिला। साथ मे एक सादे कागज की छोटी पर्ची भी मिली जिसमे किसी डॉ के द्वारा दवा लिखी गयी थी। म्रतक सामान्य रूप से लोवर पैंट, शर्ट व हाफ स्वेटर पहने था। स्थानीय लोगो द्वारा ये कहना है कि संभवता ये ट्रेन के पावदान पर बैठा होगा या गिर पड़ा होगा लेकिन जिस ट्रेन के ड्राइवर ने सूचना दी वह ट्रेन तो दूसरी दिशा में जा रही थी।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

### बाइक-साइकिल की आमने सामने जोरदार भिड़ंत में दो घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बल्लापुर रोड पर सोमवार दोपहर बाइक व साइकिल की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से दोनों को रिफर कर दिया गया है।जानकारी के मुताबिक बता दें कि बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र निवासी इंद्रजीत पुत्र रामराज पाल उम्र 21वर्ष तथा बाइक सवार युवक बांगरमऊ कस्बा मोहल्ला तकिया निवासी विपिन पुत्र राकेश पाल बताए जा रहे हैं।दरअसल दोपहर करीब ढाई बजे गंजमुरादाबाद लहरापुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने साईकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी.टक्कर लगने के बाद बाइक अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई.आसपास मौजूद लोगो ने दोनो घायलों को डायल 108 एंबुलेश से बांगरमऊ सीएचसी भेजा.जहां से दोनो की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैं।वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

### रहस्यमय ढंग से युवती हुई लापता

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासी पीड़ित भाई के मुताबिक बीते 30 अक्टूबर की सुबह उसकी 23 वर्षीया बहन कहीं चली गयी जो अपने साथ मां के गहने व पासबुक लेकर चली गयी। जाने के बाद बहन को नाते रिश्तेदारों में काफी तलाश बाद भी कहीं कोई अता पता नहीं चल सका है जहाँ उसके फोन पर अज्ञात युवक फोन कर घर से उठवा कर परिजनों को जान से मरवा देने की धमकी देता है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। विकास खण्ड सुमेरपुर के बाबू जयशंकर गया प्रसाद महाविद्यालय छाछीराई खेड़ा में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा मंगलवार 5 दिसंबर को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में नौनिहालों ने विजेता बनने की चाह में शानदार प्रदर्शन किया।

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुमेरपुर योगेश बाजपेई एवम् विशिष्ट अतिथि बीडीओ सन्ध्या रानी, समाज सेवी बैजनाथ सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर अखिलेश कुमार वर्मा, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सुमेरपुर के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद सिंह आदि के द्वारा माँ सरवस्ती के चित्र पर माल्यार्पण एवम् दीप जलाकर किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि एवम् विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया। उसके पश्चात मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुमेरपुर योगेश बाजपेई के द्वारा उपस्थित अतिथियों एवम् शिक्षकों एवम् छात्र छात्राओं को शपथ दिलायी गयी कि खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाएँगे, खेलेंगे और खेलना सिखाएँगे और खेलों से जुड़कर हम स्वस्थ भारत बनाएँगे और खेल खिलाड़ी का हम हौसला बढ़ाएँगे। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश कुमार बाजपेई एवम् बीडीओ संध्या रानी के द्वारा फीता काट कर हरी झण्डी दिखाकर जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर की दौड़ कराकर ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर की दौड़ में बक्सर कम्पोजिट स्कूल के शिवम् ने प्रथम स्थान, जूनियर अलावलपुर के सुमति द्वितीय स्थान और जूनियर मुनऊ खेड़ा के अलकेश ने तृतीय स्थान हासिल



किया। विजेताओं को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई एवम् बीडीओ सन्ध्या रानी ने खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत किया। ब्लॉक स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के दूरदराज स्थित अधिकाँश परिषदीय स्कूलों से आये हुए बच्चों ने प्रतिभाग कर शानदार प्रस्तुति की गयी। ब्लॉक स्तरीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक क्षेत्र के अधिकाँश परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता में कबड्डी प्राथमिक ० जूनियर स्तर बालक बालिका, खो-खो प्राथमिक व जूनियर स्तर बालक बालिका, वॉलीबॉल प्राथमिक व जूनियर स्तर बालक बालिका, ऊंची कूद प्राथमिक स्तर बालक बालिका, लंबी कूद प्राथमिक व जूनियर स्तर बालक बालिका, रिले रेस प्राथमिक व जूनियर स्तर बालक बालिका, गोला(चक्का) फेंक बालक बालिका आदि खेलों का भव्य आयोजन किया गया। जूनियर बालिका वर्ग की 100 मीटर में उप्रावि बक्सर की अर्पिता ने प्रथम स्थान, उप्रावि महेश खेड़ा की गुंजन ने द्वितीय और उप्रावि भगवन्त नगर से रोली ने तृतीय स्थान प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर की 50 मी बालक दौड़ में प्रावि भगवंत नगर प्रथम से आयुष ने प्रथम स्थान, प्रावि गौरैया से शशांक ने द्वितीय और प्रावि भदेवरा से रवि ने तृतीय स्थान लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राथमिक स्तर की 50 मी बालिका दौड़ में प्रावि बक्सर से यशी ने प्रथम स्थान, कंपोजिट जालापुर से मानसी ने द्वितीय और प्रावि भदेवरा से शालिनी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राथमिक स्तर खो खो में में विजेता बक्सर व उप विजेता गौरैया और प्राथमिक स्तर खो खो बालिका में गोरइया विजेता व बक्सर उप विजेता, जूनियर स्तर बालिका में गौरैया विजेता व बक्सर उपविजेता, प्राथमिक स्तर कबड्डी बालक वर्ग में गौरैया विजेता व बक्सर विजेता, जूनियर वर्ग बालक कबड्डी में बक्सर विजेता व मुनऊ खेड़ा उपविजेता रहा।

वहीं जूनियर बालक वर्ग गोला फेंक में उप्रावि भगवन्तनगर से महेन्द्र प्रथम व हिमांशू द्वितीय, उप्रावि अलावलपुर से सुमित तृतीय स्थान, जूनियर गोला फेंक बालिका वर्ग में गोरइया से प्रियंका प्रथम व मुस्कान द्वितीय, भगवंत नगर से रोली तृतीय स्थान और जूनियर चक्का फेंक बालक वर्ग में भगवंत नगर से हिमांशु प्रथम, बिहार से रोशन द्वितीय, अलावलपुर से सुमित तृतीय स्थान और जूनियर चक्का फेंक बालिका वर्ग में गोरइया से मुस्कान प्रथम व पूनम द्वितीय, भगवंत नगर से नेहा तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई एवम्बीडीओ सन्ध्या रानी व बीईओ अखिलेश वर्मा ने खिलाड़ियों को शील्ड व मेडल देकर पुरस्कृत करते हुए भविष्य में नई बुलंदियों को छूने का जज्बा भरा।इस अवसर पर समाज सेवी बैजनाथ सिंह, जुगल मिश्रा, कमल किशोर दीक्षित, गोवर्धन सिंह, बच्चा सिंह, सीएससी अधीक्षक सुमेरपुर नरेंद्र कृष्णा, सीडीपीओ दिनेश कुमार प्रजापति, खेल प्रभारी हरिओम सिंह व ब्लॉक व्यायाम शिक्षिका निशा तोमर, अनुज तिवारी, देश दीपक पाण्डेय, बसंत मिश्रा, महेंद्र सिंह, संकल्प मिश्रा, सोनू बाजपेई, अखंड प्रताप सिंह, अरूणेंद्र प्रताप सिंह, दीपक वर्मा, रामदेव यादव, रवि शंकर पांडेय, आशेंद्र सिंह, वंदना दीक्षित, योगेश, अमोद, कपिल, अक्षय कटियार समेत ब्लॉक के शिक्षक शिक्षिकाएँ अनुदेशक एवम्शिक्षामित्र आदि सभी ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

## महिला ने अपने ससुरालीजनों पर लगाया उत्पीड़न करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार क्षेत्र के एक गाँव निवासी महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर ससुराल पक्ष पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने बताया जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। थाना बिहार क्षेत्र के चौहानन खेडा मजरे जमीपुर निवासी मोनी देवी पुत्री राममोहन यादव ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 2 मई 2021 को मेरी शादी अवधेश पुत्र रामलाल यादव ग्राम दरियाबाद थाना बारा सगवर जिला उन्नाव के साथ हुई थी। जब से मेरी शादी हुई तब से मेरे पति अवधेश ससुर रामलाल यादव, सास धुन्नीदेवी जेठानी सुशीला पत्नी मुकेश यादव,जेठानी प्रतिमा पत्नी राजश यादव ये उपरोक्त पाँचो मुझे प्रताड़ित करते हुए चले आ रहे है। कई बार मुझको गला दबा कर जान से मार देने की कोशिश की मेरे पिता ने मोटर सायकिल, बैड ,आलमारी, बर्तन और काफी सामान दिया था। इसके बाद भी और रुपये व समान की मांग की जाती है। मेरे पेट मे बच्चा था बच्चा होने के 2 दिन पहले भी उपरोक्त पाँचो लोगो ने मेंरे बाल पकड़कर लात धूसो से मारा जिससे मेंरे पेट में चोट आ गयी थी यह घटना 28 जुलाई 2023 को घटी थी। बड़े ऑपरेशन के बाद 3 अगस्त को बच्चे की मृत्यु हो गयी ।जब मैं अपनी ससुराल गयी तब इन लोगो द्वारा कहा गया कि बच्चे को मार दिया है अब तुमको भी मार देंगे। दो दिन रही उपरोक्त बोग भी जान से मार देगें। मेरा पति फोन पर मुझसे गालियों से बात करता है और जान से मारने की धमकी देता है। थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय ने बताया तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी

## लैंगिक भेदभाव व महिलाओं के साथ हिंसा के विरुद्ध विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंगलवार को मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या एडीजी/म.स.प्र. विविध अभियान/2023, 20 नवंबर 2023 के अनुपालन में 20 नवंबर से 10 दिसंबर तक बाल श्रमिको के अवमुक्तिकरण व पुनर्वास के सम्बन्ध में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत, पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में थाना एएचटीयूं उन्नाव द्वारा थाना कोतवाली व थाना माखी क्षेत्र में स्थित होटल/ढाबा, निर्माण स्थल, ईंट भट्टा, छोटे व बड़े प्रतिष्ठानो आदि पर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। उक्त अभियान के दौरान थाना माखी क्षेत्रान्तर्गत थाना इण्टर कालेज थाना



में प्रधानाध्यापक अजय कुमार शुक्ला व अन्य अध्यापकगण के साथ मिलकर विद्यालय में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के क्षात्र-क्षात्राओं को बालश्रम, महिलाओं के विरुद्ध हिंसा तथा भेदभाव उन्मूलन, लैंगिक भेदभाव व एक युद्ध नशे के विरुद्ध के सम्बन्ध में प्रभारी उप निरीक्षक भगत सिंह थाना एएचटीयू उन्नाव द्वारा विस्तृत जानकारी देते हुये प्रचार प्रसार कर बच्चो को जागरुक किया गया। किसी भी संकट में होने पर बच्चो को 112 व 1090 पर काल करने की जानकारी भी दी गयी।

## कीटनाशक विक्रेताओं का डिप्लोमा होना अनिवार्य

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। भारत सरकार कृषि सहकारिता और किसान कल्याण विभाग द्वारा जारी अधिसूचना संख्या-688 दिनांक 05 नवम्बर 2015 एवं अधिसूचना संख्या-83 दिनांक-01 फरवरी 2017 के द्वारा कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं कीटनाशक नियम, 1971 क अन्तर्गत संशोधन करते हुए कीटनाशक का लाइसेन्स प्राप्त करने हतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि विज्ञान एवं जैव रसायन या जैव प्रोद्यौगिकी या जीव विज्ञान या विज्ञान जिसमें रसायन विज्ञान या वनस्पति विज्ञान या प्राणी विज्ञान विषय में स्नातक डिग्री अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से कृषि या सम्बद्ध विषयों में एक वर्षीय डिप्लोमा जिसमें पादप संरक्षण और कीटनाशक प्रबन्ध पाठयक्रम के अन्तर्गत शैक्षिक योग्यता निर्धारित करते हुए लाइसेन्स धारकों को निर्धारित शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने हेतु दो वर्ष का समय दिया गया था, जिसे समय-समय पर आगे बढाया जाता रहा है। अंतिम रूप से अधिसूचना संख्या सा0का0नि0 315 (अ) कीटनाशी चतुर्थ संशोधन नियम 2022 दिनांक 25 अप्रैल 2023 के द्वारा दिनांक 31.12.2023 तक बढाते हुए निर्देशित किया गया है कि दिनांक 31.12.2023 के उपरान्त अनिवार्य शैक्षिक योग्यता धारण न करने वाले कीटनाशी डिलर्स/रिटेलर्स स्वतः ही अवैध हो जाएंगे। जिला कृषि रक्षा अधिकारी विकास शुक्ला ने उक्त के क्रम में जनपद के समस्त कीटनाशक विक्रेताओं को अवतग कराया है कि आप उपरोक्त अधिसूचनाओं के द्वारा किए गए प्राविधानों के अन्तर्गत अपनी शैक्षिक योग्यता के सम्बन्ध में दिनांक 15.12.2023 तक शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र एवं कीटनाशक लाइसेन्स सत्यापन हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिर्श्चित करें, जिससे कि अनिवार्य योग्यता से वंचित लाइसेन्स धारकों को चयनित कर सी0सी0आई0एम0 कोर्स हेतु पंजीकरण कराया जाएगा। आपके द्वारा सत्यापन नही कराए जाने एवं आपकी अनिवार्य शैक्षिक योग्यता न होने के कारण दिनांक 31.12.2023 के उपरान्त आपका कीटनाशी डीलर्स/रिटेलर्स का लाइसेन्स स्वतः ही अवैध हो जाएगा।

## विधायक के पुत्र ने लाभार्थियों को दिए प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खण्ड मियांगंज की ग्राम पंचायत कनीगांव मे हमारा संकल्प विकसित भारत यात्रा में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर के सुपुत्र अश्वनी दिवाकर ने कहा कि आज हमारी सरकार में मुस्लिमो को बराबर योजनाओं से जोड़ कर विकसित किया गया । कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रामाणपत्र भी दिए गए।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बम्बालाल दिवाकर के पुत्र अश्वनी दिवाकर ने सबका विकास सबका विश्वास को आधार बनाते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी वितरित किए गए पाँच आयुष्मान कार्ड , प्रधानमंत्री आवास योजना का भी लाभ मिला। इसी तरह देश की 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन से जोड़ा गया है जो आगे पाँच वर्ष पूर्व भी चलेगा ।उनका कहना था जब पेट भरा होगा



तो परिवार के विकास के सम्बंध में बेहतर प्रयास संभव होगा सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।समस्त समस्याओं व कार्यो में उपलब्ध रहने का आश्वासन देकर आए अतिथियों का आभार प्रकट किया । इस अवसर पर राजस्व विभाग ? व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मियांगंज परियोजना के अंतर्गत इस्टाल लगाकर बच्चों के सुपोषण के प्रति अपना योगदान व्यक्त करते हुए स्टाल लगाकर सहभागिता ली साथी बालक बालिका स्पर्धा के तहत कुपोषित बच्चों को सुपोषित प्रमाण पत्र सौंपा।इस सहायक खण्ड विकास अधिकारी निर्मल यादव व ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार के साथ स्वास्थ्य विभाग से डाँक्टर ? इमरान खान,? वरिष्ठ क्षय रोग पर्यवेक्षक राम प्रकाश यादव, स्वास्थ्य शिक्षा मित्र कमलेश कुमार, ग्राम प्रधान संतोष कनौजिया, प्रधान प्रतिनिधि वेद प्रकाश चौरसिया, सहित समस्त लोग मौजूद रहे।

## पीएमएमवीवाई के पंजीकरण के लिए विशेष पंजीकरण अभियान आठ दिसंबर तक बढ़ा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना पीएमएमवीवाई के तहत गर्भवती का पंजीकरण करने के लिए जनपद में दो दिवसीय विशेष पंजीकरण अभियान 30 नवंबर और एक दिसम्बर को चला था । अब यह अभियान पांच दिन के लिए बढ़ा दिया गया है जो अब आठ दिसंबर तक चलेगा ।यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सत्यप्रकाश ने दीं उन्होंने बताया कि अभियान को बढ़ाने का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण करना है ` उन्होंने बताया कि पीएमएमवीवाई के तहत पहली बार गर्भवती तथा दूसरी बार कन्या होने पर लाभ दिए जाने का प्रावधान है योजना के नोडल अधिकारी डा. एच एन प्रसाद ने बताया कि उन्होंने बताया कि तीन



हजार रुपये की पहली किस्त प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने पर और दो हजार रुपये की दूसरी किस्त बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने तथा बच्चे के टीकाकरण का पहला चक्र पूरा होने पर मिलेगी। दूसरी बार मां बनने पर और कन्या पैदा होने के पश्चात पेन्टा थर्ड का टीकाकरण पूर्ण होने पर पंजीकरण फॉर्म भरा जाएगो इसके तहत छह हजार रुपये एक मुश्त दिये जाएंगे। यह राशि बालिकाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए दी जाएगी। योजना के तहत मिलने वाली धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे ट्रांसफर की जाती है।

दूसरा बच्चा अगर कन्या है और कन्या का जन्म एक अप्रैल 2022 के बाद हुआ है तो उसका फॉर्म 31 दिसंबर 2023 तक भरा जा सकता हैं उसके पश्चात फॉर्म अंतिम मासिक चक्र के 570 दिनों तक ही भरा जाएगा। पीएमएमवीवाई के जिला समन्वयक अवश शुक्ला ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए माँ का आधार कार्ड, मातृ शिशु सुरक्षा (एमसीपी) कार्ड, प्रसवपूर्व जांच की तारीख के साथ आठ लाख से कम आय की स्थिति में आय प्रमाण पत्र, बीपीएल राशन कार्ड, ई-श्रम कार्ड, मनरेगा कार्ड और आयुष्मान कार्ड में से कोई एक दस्तावेज होना आवश्यक हैं इसके अलावा महिला यदि किसान है तो उसे महिला किसान सम्मान निधि का लाभार्थी होना आवश्यक हैं दिव्यांगता की स्थिति में 40 फीसद से अधिक दिव्यांगता का प्रमाणपत्र होना जरूरी हैं 1 दिसंबर को भारत सरकार तथा राज्य स्तर की टीम द्वारा जिले के दो ब्लॉक सिकंदरपुर सरोसी तथा बीघापुर ब्लॉक का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर योजना की स्थिति की जानकारी ली गई।

जिला कार्यक्रम समन्वयक ने बताया कि लाभार्थी अपने क्षेत्र की आशा/ एएनएम से संपर्क कर फॉर्म भरवा सकते हैं।

## जीवन में सुख और शांति चाहिए तो केंद्र में धर्म को रखना होगा - पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। सनातन धर्म में मनुष्य जीवन के हर क्षण को व्यवस्थित करने की व्यवस्था है। हमारे सनातन धर्म ग्रंथ बार-बार यह प्रमाणित करते हैं कि जिस व्यक्ति ने अपने जीवन के केंद्र में धर्म को रखा वही सुख और शांति के साथ जीवन जीने में सफल हो सका है। श्री रामचरितमानस में भगवान भोलेनाथ का कहा हुआ यह सिद्धांत है कि जिस कुल में श्री सीताराम में आस्था रखने वाले भगत का जन्म हो जाता है, वह कुल धन्य हो जाता है। ठीक इसी प्रकार भगवान श्री राम का विरोध या निंदा करने वाले के कुल का नाश सुनिश्चित हो जाता है। हम जो भी करते हैं उस पर हमें ही विश्वास नहीं होता है तो फिर भगवान का दर्शन कैसे होगा? खटपट मिटे तो झटपट दर्शन होगा। पूज्यश्री ने कहा कि लाख कोई समझाए भटकना नहीं है। जो इष्ट हैं उनमें केवट भैया और शबरी मैया की तरह से निष्ठ रहना है। सुग्रीव जी की तरह नहीं बनना है। सुग्रीव तो भगवान से मिलने के बाद भी संसार में



लिपट कर भगवान को ही भूल गए।पूज्यश्री ने कहा कि जिसके जीवन में संशय रहता है उसका विनाश हो जाता है। इसलिए संशय में कदापि नहीं रहना चाहिए। सदा और सर्वदा विश्वास में रहे क्योंकि यह कथा भी विश्वास ने ही सुनाई है।सातवें दिन के कथा प्रसंगों के क्रम में महाराज जी ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति में जिस सहनशीलता को कभी बहुत बड़ा गुण समझा जाता था वही कुछ वर्ष पहले तक क्षमा की नीति हमारी कमजोर नस बन चुकी थी। कोई भी मुँह उठा कर सनातन धर्म के बारे में अनर्गल प्रलाप कर लिया करता था। लेकिन अब ऐसा संभव नहीं है। समय बदल चुका है और इसका परिणाम भी सामने आ रहा है। भगवान श्रीराम की वन प्रदेश मंगल यात्रा प्रसंगों का गायन करते हुए पूज्य महाराज जी ने दर्जनों भजन सुनाए। पूज्य श्री ने कहा कि आसुरी शक्तियों के समापन के लिए ही भगवान श्रीराम ने वन प्रदेश की मंगल यात्रा का कार्यक्रम खुद तय किया था। उन्होंने राज्य सत्ता संभालने से पहले आसुरी शक्तियों का काम तमाम किया। राम जी से हमारी युवा पीढ़ी को यही सीख लेने की आवश्यकता है कि युवा अवस्था में जो तपता है उसी का जीवन सफल होता है। आराम तलब युवा का जीवन खुद-ब-खुद अस्तव्यस्त हो जाता है। इसी प्रकार से मानस से हमें यह भी सीखने की जरूरत है कि उचित समय आने पर अपने अधिकार का तुरंत हस्तांतरण करना चाहिए। जैसे दशरथ जी ने राम जी को युवराज पद देने के बारे में सोचा था। उसी प्रकार प्रौढ़ावस्था आने के साथ ही व्यक्ति को योग्य उत्तराधिकारी को अपने अधिकार सौंपने के बारे में तुरंत निर्णय लेना चाहिए। राजा, सद्गुरु या किसी परिवार का मुखिया जब उचित समय पर अपने अधिकारों का हस्तांतरण कर लेते हैं तो शांति पूर्वक जीवन व्यतीत कर पाते हैं। जिसमें त्यागवृत्ति है वही सुखी रह पाता है।सातवें दिन की कथा का श्रवण करने के लिए दर्जनों विशिष्ट जन उपस्थित रहे। हजारों की संख्या में उपस्थित श्रोतागण महाराज जी के द्वारा गाए गए गीत और भजनों पर घंटों झूमते और नृत्य करते रहे।इससे पूर्व अध्यक्ष संजय राठी ममता राठी ने व्यास पीठ का पूजन अर्चन किया ।आज की कथा में पूज्य श्री की धर्म पत्नी श्री मति शोभा मिश्रा,जिले की प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, बी जे पी नेता शशांक शेखर सिंह सनी, राष्टीय किसान मंच के अध्यक्ष शेखर दीक्षित, पूर्व उम्मीदवार विधान सभा पुरवा उत्तम चन्द लोधी, कानपुर के बी जे पी नेता सुरेन्द्र अवस्थी,कुंवर अजय सिंह,महामंत्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव कमल, कांति मोहन गुप्ता,संयोजक चंद्र प्रकाश अवस्थी, मुख्य सेवायत कृष्णप्रिय मोती श्याम, महिला अध्यक्ष आरती यादव, जगदीश महेश्वरी, प्रमोद मिश्रा, युवा अध्यक्ष ललित द्विवेदी ,मीडिया समिति संयोजक मनीष सिंह सेंगर व प्रभारी प्राचीन्द्र मिश्रा, प्रबंधक संजीव गुप्ता राजा, व्यवस्थापक कौशल किशोर यादव, अजय शुक्ला, इंदु प्रकाश अवस्थी, कुसुम राठी, राजकुमार राठी, इंदू राठी, शुभम राठी, ऋषिका राठी, राजेन्द्र सिंह सेंगर, सुनील मिश्रा, अनूप मिश्रा, मनोज यादव, सुशील तिवारी, पुत्तन लाल पाल, राहुल कश्यप, मंजू अवस्थी, शालिनी श्रीवास्तव आदि ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाइट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रांसफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102/108 एम्बुलेंस संचालन, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुष्मान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन हर घर जल, पंचायतीराज्य के 15 वें वित्त आयोग व 5 वें राज्य वित्त आयोग, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे मील,




निराश्रित गोवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, पीएम/सीएम मत्स्य संपदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, किसान सम्मान निधि, नई सड़कों का निर्माण व पुरानी सड़कों का अनुरक्षण, ओडीओपी टूलकिट योजना, नहरों की सफाई, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना आदि की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गयी। समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाते हुए डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मा0 मुख्यमंत्री जी के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा होती है। इसलिए सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं व विभागीय कार्यक्रमों की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं, अन्यथा संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही कर दी जाएगी। बैठक में एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सीएमओ डा0 सत्यप्रकाश, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, परियोजना निदेशक कमलेश कुमार, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ0 नीलम सिंह, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी संतोष कुमार सिंह, एक्सईन पीडब्ल्यूडी, विद्युत, जलनिगम, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सहित अन्य योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## चिंतन

# बढ़ते प्रदूषण रोकने को ठोस एक्शन हो

प्रदूषण रोकने के मुद्दे पर सरकारें लगातार विफल साबित हो रही हैं। हर वर्ष दिवाली के आसपास दिल्ली एनसीआर की हवाएं जहरीली हो जाती हैं, आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू होता है। सरकारें एक-दूसरे राज्यों पर ठीकरा फोड़ती हैं, उपायों के नाम पर खानापूर्ति कर ली जाती है, लेकिन प्रदूषण से निबटने की न ही कोई ठोस कार्ययोजना बनती है और न ही उस पर कोई काम होता है। सुप्रीम कोर्ट से लेकर एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) तक की सख्ती व निदेशों का कड़ाई से पालन नहीं होता है। चाहे हम क्लाईमेट करार पर हस्ताक्ष कर लें, या कॉप में बनी सहमति पर चलने का संकल्प लें, सच्चाई यह है कि देश में सरकारों की प्राथमिकता प्रदूषण रोकना बन ही नहीं पाई है। बात चाहे वायु प्रदूषण की हो, या नदियों की सफाई की हो या बढ़ते जल प्रदूषण की बात हो, न ही सरकार गंभीर है और ना ही नागरिक जागरूक हैं। हम सपना विकसित देश बनने का देख रहे हैं, पर प्रदूषण तक को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं। हरित विकास के बड़े बड़े दावे झूठ साबित हो रहे हैं। पिछले कई वर्षों से दिल्ली-एनसीआर की हवाएं प्रदूषित होती गई हैं, जिससे वह सांस लेने लायक नहीं बची है। इस क्षेत्र में सांस जनित रोगियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की हवा का स्तर 3 साल बाद अक्टूबर में सबसे खराब दर्ज किया गया है। दिल्ली में हवा की क्वालिटी लगातार गिर रही है। एसएएफएआर इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अक्टूबर के आखिरी दिन राजधानी का एयर क्वालिटी इंडेक्स 327 दर्ज किया गया, जो अभी भी लगातार बढ़ रहा है। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के डेटा के मुताबिक अक्टूबर 2020 में दिल्ली का औसत एक्यूआई 257 दर्ज किया गया था। अक्टूबर 2021 में 173 और अक्टूबर 2022 में 210 एक्यूआई दर्ज किया गया था। औद्योगिक राजधानी मुंबई के हालात भी ठीक नहीं हैं। यहां भी हवा की क्वालिटी बेहद खराब कैटेगरी में चल रही है। वैज्ञानिकों के मुताबिक कम बारिश होना पॉल्यूशन बढ़ने की बड़ी वजह है। इस साल अक्टूबर में सिर्फ एक दिन 5.4 मिमी बारिश हुई, जबकि अक्टूबर 2022 में 6 दिन 129 मिमी और अक्टूबर 2021 में 7 दिन 123 मिमी बारिश हुई थी। दिल्ली के आसपास के राज्यों में पराली जलाने को भी प्रदूषण बढ़ने का एक मुख्य कारण माना जा रहा है। पंजाब समेत देश के उत्तरी हिस्सों में पराली जलाना अभी भी जारी है। इसके कारण दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम और आस-पास के इलाकों में हवा में धुंध बढ़ रही है। इस साल अब तक 2500 से ज्यादा पराली जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि खेत में आग लगने की संख्या पिछले दो सालों की तुलना में कम है। उद्योगों व वाहनों से निकलने वाली जहीरीली धुएं के चलते भी वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के कुछ हिस्सों में एंटी-स्मॉग गन से पानी का छिड़काव किया गया है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-2 के तहत कोयला और लकड़ी के उपयोग पर प्रतिबंध है। ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में प्रदूषण से निपटने को बनाए गए नियम है। दिल्ली-एनसीआर में खराब होती हवा के बीच ग्रैप का तीसरा चरण लागू कर दिया गया है। जब एयर क्वॉलिटी 401-450 के बीच पहुंचती है तब ग्रैप का तीसरा चरण लागू होता है। अभी वायु प्रदूषण रोकने के लिए ठोस कार्ययोजना पर अमल की जरूरत है।

## मुद्दा
रोहित कौशिक



# गंभीर जल संकट की चेतावनी

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय-पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित 'अंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रपट 2023' में एक बार फिर जल संकट की चेतावनी दी गई है। रपट में बताया गया है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। इस क्षेत्र में हरियाणा और पंजाब का क्षेत्र भी शामिल है। यह क्षेत्र बड़ी मात्रा में खाद्यान्न पैदा करता है। इस अध्ययन में यह जानकारी भी दी गई है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। इस दौर में जल संकट लगातार गहराता जा रहा है, हम जागरूक रहकर काफी मात्रा में पानी बचा सकते हैं। पिछले दिनों संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी विश्व जल रिपोर्ट में जल संकट को लेकर चिन्ता व्यक्त की गई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि कृषि की बढ़ती जरूरतों ,खाद्यान उत्पादन ,ऊर्जा उपभोग ,प्रदूषण और जल प्रबन्धन की कमजोरियों की वजह से स्वच्छ जल पर दबाव बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के कई देश गंभीर जल संकट से जूझ रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि पानी की बर्बादी नहीं रोकी गई तो यह समस्या विकराल रूप ले सकती है। हमारे देश में भी वैज्ञानिकों ने घोषणा की है कि भूजल स्तर घटने के कारण जल्दी ही देश को गम्भीर जल संकट का सामना करना पडेगा

बुद्धिजीवियों द्वारा जब भी जल संकट की चर्चा की जाती है तो इस चर्चा में वर्षा जल के संग्रहण की सलाह दी जाती है। सरकार जन-जागरण अभियान के तहत सरकारी औपचारिकताओं को निभाने के लिए पत्र-पत्रिकाओं में भी वर्षा जल संग्रहण के विज्ञापन प्रकाशित कराती है। लेकिन इस मामले में अभी तक नतीजा ढाक के तीन पात ही है। गौरतलब है कि भारत में मात्र पन्द्रह प्रतिशत जल का ही उपयोग होता है शेष जल बेकार बहकर समुद्र में चला जाता है। इस मामले में इजराइल जैसे देश ने ,जहां वर्षा का औसत 25 सेमी से भी कम है ,एक अनोखा उदाहरण पेश किया है। वहां जल की एक बूंद भी खराब नहीं जाती है। अतिविकसित जल प्रबन्धन तकनीक के कारण वहां जल की कमी नहीं होती है। जल संकट से निपटने के लिए हमें भी अपने देश में ऐसा ही उदाहरण पेश करना होगा। वर्षा के जल को जितना हम जमीन के अन्दर जाने देंगे उतना ही हम जल संकट को दूर रखेंगे। इस विधि से मिटटी का कटाव भी रुकेगा और हमारे देश को सूखे और अकाल का सामना भी नहीं करना पडेगा। एक आंकडे के अनुसार यदि हम देश के जमीनी क्षेत्रफल में से सिर्फ पांच फीसदी क्षेत्र में होने वाली वर्षा के जल का संग्रहण कर सके तो एक बिलियन लोगों को प्रतिव्यक्ति सौ लीटर पानी प्रतिदिन मिल सकता है। आज हालात यह हैं कि वर्षा का 85 फीसदी जल बरसाती नदियों के माध्यम से समुद्र में बेकार बह जाता है। फलस्वरूप निचले इलाको में बाढ़ आ जाती है। यदि इस जल को जमीन के भीतर पहुंचा दिया जाए तो इससे एक ओर बाढ़ की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी वहीं दूसरी ओर भूजल स्तर भी बढ़ेगा।

जनसंख्या में हुई तीव्र वद्धि से हमारे देश में जल की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। हालांकि सतही एवं भूमिगत दोनो ही स्त्रोतों से जल का उपयोग किया जा रहा है लेकिन भूमिगत जल पर हमारी निर्भरता कुछ अधिक ही है। भूमिगत जल की अत्यधिक निकासी से इसका जल स्तर लगातार नीचे खिसकता जा रहा है। गौरतलब है कि दुनिया के क्षेत्रफल का लगभग सत्तर फीसदी भाग जल से भरा हुआ है लेकिन पीने लायक मीठा जल सिर्फ तीन फीसदी ही है। शेष खारा जल है। इसमे से भी हम सिर्फ एक फीसदी मीठे जल का ही उपयोग करते हैं। धरती पर उपलब्ध सम्पूर्ण जल ,जल चक्र मे चक्कर लगाता रहता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि औद्योगीकरण एवं जनसंख्या विस्फोट के कारण जहां एक ओर जल प्रदूषण बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर जल चक्र भी बिगड़ता जा रहा है। हालांकि विश्व में उपलब्ध कुल जल की मात्रा आज भी उतनी ही है जितनी कि दो हजार साल पहले थी। अन्तर है तो बस इतना कि उस समय पृथ्वी की जनसंख्या आज की तुलना में सिर्फ तीन फीसद ही थी। हमारे देश में समस्त उपलब्ध जल के 90 प्रतिशत का उपयोग कृषि उत्पादन में किया जाता है ,जिसमें खाद्य उत्पादन का अनुपात 35 प्रतिशत है। यदि कृषि उत्पादन में समुचित जल निकासी एवं जल उपयोग के वैज्ञानिक तरीकों का इस्तेमाल किया जाए



## दो टूक
डा. जयंतीलाल भंडारी

> रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2023 में ग्रामीण और शहरी दोनों ही जगहों पर बेरोजगारी दरों में कमी आई है। घरेलू मांग में लगातार मजबूती की बदौलत पिछले 10 महीनों से रोजगार का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर चल रहा है। इस इंडेक्स के 50 से ऊपर रहने का मतलब है कि रोजगार में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक देश में पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी दर छह फीसदी से घटकर 3 .2 फीसदी पर आ गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में बढ़ी कमी आई है।

# डिजिटल कौशल से बढ़े रोजगार के मौके

इन दिनों देश की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजगार से संबंधित विषयों पर प्रकाशित हो रही विभिन्न रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि देश में अर्थव्यवस्था के बढ़ने, डिजिटल विकास तथा गिग अर्थव्यवस्था के कारण ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी की दर कम हो रही है और रोजगार के नए मौके बढ़ रहे हैं। हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के द्वारा प्रकाशित ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2023 में ग्रामीण और शहरी दोनों ही जगहों पर बेरोजगारी दरों में कमी आई है। संगठित क्षेत्रों में भी वर्ष 2020 के सितंबर माह के बाद रोजगार की अच्छी स्थिति दिख रही है। घरेलू मांग में लगातार मजबूती की बदौलत पिछले 10 महीनों से रोजगार का पर्चेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) 50 से ऊपर चल रहा है। इस इंडेक्स के 50 से ऊपर रहने का मतलब है कि रोजगार में सकारात्मक बढ़ोतरी हो रही है। अर्थव्यवस्थाओं के रोजगार संकेतकों के मुताबिक आने वाले महीनों में रोजगार में बढ़ोतरी जारी रहने की उम्मीद की जा रही है।

निश्चित रूप से कौशल और डिजिटल स्किल्स पर आधारित नए दौर के रोजगार के मौके छलांगे लगाकर बढ़ रहे हैं। 12 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कौशल विकास मंत्रालय के द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कौशल दीक्षा समारोह को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने कौशल विकास व डिजिटल स्किल्स विकास में सबसे अधिक निवेश करके रोजगार निर्माण को नई ऊँचाई पर पहुँचा दिया है। यही कारण है कि देश में बेरोजगारी पिछले छह वर्षों के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी कम हो रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में युवाओं के रोजगार की नई संभावनाएं पैदा हो रही हैं। अब भारत के द्वारा कुशल मानव शक्ति का पावर सेंटर बनने के जो प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं, उनसे निर्मित नए दौर के रोजगार के अधिक मौकों से नई पीढ़ी लाभांवित होगी।

हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आँकड़ों के मुताबिक देश में पिछले छह वर्षों में बेरोजगारी दर छह फीसदी से घटकर 3.2 फीसदी पर आ गई है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोजगारी दर में बढ़ी कमी आई है। निश्चित रूप से जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर घटाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की अहम भूमिका है, वहीं शहरी बेरोजगारी घटाने में कौशल विकास और डिजिटल स्किल्स की अहम भूमिका दिखाई दे रही है। उल्लेखनीय है कि देश में शहरी बेरोजगारी दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 6.6 प्रतिशत रह गई है, जबकि कोविड के दौरान वित्त वर्ष 2021-22 की अप्रैल-जून तिमाही में शहरी बेरोजगारी दर 12.6 प्रतिशत दर्ज की गई थी, उसके बाद से शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर लगातार कम हो रही है।

यदि हम कोरोनाकाल के बाद शहरी रोजगार बढ़ने के परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि जहाँ एक ओर शहरी क्षेत्रों में गिग इकोनॉमी में रोजगार छलांगे लगाकर आगे बढ़ा है, वहीं कौशल और डिजिटल विकास की योजनाओं से



युवाओं को सुसज्जित करके रोजगार के मौके बढ़ाए गए हैं। गिग इकोनॉमी का मतलब है अनुबंध आधारित या अस्थायी रोजगार (गिग वर्क) वाली अर्थव्यवस्था। गिग अर्थव्यवस्था के तहत गिग वर्कर प्रोजेक्ट-दर-प्रोजेक्ट आधार पर काम करते हैं या सेवाएं देते हैं और वे यह चुनने के लिए स्वतंत्र होते हैं कि वे कब, कहां और कितना काम करेंगे? डिजिटलीकरण के प्रसार ने गिग अर्थव्यवस्था को अभूतपूर्व ऊँचाइयों पर पहुँचा दिया है। वस्तुतः गिग अर्थव्यवस्था डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म और ऑनलाइन मार्केटप्लेस से संचालित होती है जो गिग वर्कर्स को खास तरह की सेवाओं की तलाश करने वाले कस्टमर्स से जोड़ती है। ये प्लेटफ़ॉर्म बायर्स और सेलर्स के बीच ट्रांजैक्शन को सुविधाजनक बनाते हैं।


जहाँ देश के शहरी क्षेत्रों में गिग अर्थव्यवस्था के तहत रोजगार के मौके तेजी से बढ़ रहे हैं, वहीं देश में कौशल और डिजिटल विकास से संबंधित सरकारी योजनाओं से शिक्षित-प्रशिक्षित युवाओं के लिए शहरों में अच्छे करियर के मौके बढ़े रहे हैं। चूंकि बड़ी संख्या में देश और दुनिया की कारोबार गतिविधियां अब ऑनलाइन हो गई हैं और वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) करने की प्रवृत्ति को व्यापक तौर पर मिली स्वीकार्यता से आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला है।

भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग-कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है। इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक रोजगार रिपोर्टों में भारत की कौशल प्रशिक्षण नई पीढ़ी के लिए रोजगार के मौके बढ़ने की टिप्पणियां की जा रही हैं। विश्व प्रसिद्ध मैकिंजी ग्लोबल इंस्टीट्यूट के द्वारा वैश्विक रोजगार रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था में वर्ष 2025 तक ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के चलते करीब छह से साढ़े छह करोड़ रोजगार अवसर पैदा हो सकते हैं, वहीं इसकी वजह से करीब चार से साढ़े चार करोड़ परंपरागत नौकरियां समाप्त हो सकती हैं। ऐसे में 2025 तक डिजिटलीकरण से करीब 2 करोड़ से अधिक नई नौकरियाँ निर्मित होते हुए दिखाई देंगी। इसमें कई ऐसी डिजिटल नौकरियाँ होगी जिनके नाम तक हमने नहीं सुने हैं।

निश्चित रूप से भारत की डिजिटल स्किल्ड नई पीढ़ी के लिए अच्छे रोजगार के मौके देश के साथ-साथ दुनिया के विभिन्न देशों-अमेरिका, जापान, ब्रिटेन और जर्मनी आदि में औद्योगिक और कारोबार आवश्यकताओं में तकनीक और नवाचार के इस्तेमाल के कारण बढ़ते जा रहे है। इन क्षेत्रों में प्रमुख रूप से आईटी, हेल्थकेयर, नर्सिंग, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फुड प्रोसेसिंग, जहाज निर्माण, विमानन, कृषि, अनुसंधान, विकास, सेवा व वित्त आदि है। रोजगार की बदलती हुई डिजिटल दुनिया में भारत पूरी तरह से लाभ की स्थिति में हैं।

ऐसे में नई पीढ़ी को अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा।


# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
## दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# तुलसीदास जी द्वारा श्रीराम के दर्शन का उपाय



संकलित
## प्रेरणा

एक ब्राह्मण दिनभर गोस्वामी जी के कुटिया के बाहर बैठकर लोभवश राम-राम रटता। संध्या के समय श्रीहनुमान जी उसे धन दे देते थे। एक वार उसने भगवान के दर्शन के लिए बड़ा हठ किया। गोस्वामी जी ने कहाः उसके लिए प्रेम और भाव चाहिए, संत की कृपा चाहिए। ऐसे ही एकदम भगवान नहीं मिलते। उसने कहाः आप समर्थ महापुरुष है, आप भगवान् के दर्शन करवा सकते है। वह हठ पर अड़ गया। गोस्वामी जी ने कहाः ठीक है यहां सामने इस पेड़ पर चढ़ जाओ, पेड़ के नीचे त्रिशूल गाढ़ दो और उस त्रिशूल पर कूद पड़ो। भगवान के दर्शन हो जायेंगे। वह त्रिशूल गाडकर वृक्षपर चढ़ा, परंतु कूदने की हिम्मत नहीं हुई। एक घुडसवार उधर से जा रहा था, उसने पूछाः पेड़ पर क्या कर रहे हो? ब्राह्मण बोलाः तुलसीदास जी ने कहा है पेड़ पर से त्रिशूल पर कूदो तुम्हे भगवान श्रीराम के दर्शन होंगे। उस व्यक्ति ने कहाः क्या सच में यह बात तुलसीदास जी के श्रीमुख से निकली है? ब्राह्मण बोलाः जी हाँ ! वह व्यक्ति तुरंत पेड़ पर चढ़कर त्रिशूलपर कूद पड़ा। उसे भगवान ने आकर हाथ से पकड़ लिया और उसे श्रीराम के दर्शन प्राप्त हो गये। हनुमान जी ने उसे तत्त्वज्ञान का उपदेश भी दिया। गोस्वामी जी ने सत्य ही कहा था, जिनमें प्रेम-भाव हो एवं संत की कृपा हो वही भगवान के दर्शन पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### सडक़ हादसों का बढ़ता ग्राफ चिंताजनक

हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देश में सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों का जो आंकड़ा पेश किया है, जो कि वर्ष 2022 का ही है, वह बहुत ही चिंता का विषय है। इन आंकड़ों के अनुसार हमारे देश में लगभग 4 लाख से ऊपर सड़क दुर्घनाएं हुईं। इनमें लगभग एक लाख से ऊपर लोगों की मौत और लगभग 4 लाख से ऊपर घायल हुए। लेकिन यह भी हो सकता है कि कुछ सड़क हादसे ऐसे हों जिनका कोई रिकॉर्ड न हो, जैसे कि टूटी-फूटी गलियों या सड़कों पर हुए हों, जिनका पुलिस केस न बना हो। बढ़ते सड़क हादसों की समस्या तो आतंकवाद और नक्सलवाद से भी बड़ी समस्या है। सरकार हमारी सुविधा के लिए सड़कों का विस्तार कर रही है, इन्हें अच्छा बना रही है, लेकिन इनका प्रयोग कैसे सावधानी से करना है, यह तो हमारी जिम्मेदारी है न!

*– महेश ठाकुर, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### प्रेरणादायक यात्राएं



मुझे हमारे प्रेरक एथलीटों से मिलने का सम्मान मिला। जिन्होंने एशियाई पैरा खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। उनमें से प्रत्येक साहस, दृढ़ संकल्प और अदम्य भावना का प्रतीक है। इनकी दृढ़ता और प्रतिभा की यात्राएं प्रेरणादायक हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### खंभे धंस रहे



मैंने मेदिगड्डा बैराज का दौरा किया, जो तेलंगाना में भ्रष्टाचार से ग्रस्त कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना का एक हिस्सा है। कई खंभों में दरारें आ गई हैं और रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि खंभे धंस रहे हैं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### 70 घंटे काम



सोशल मीडिया पर एक शानदार वीडियो देखा जो 70 घंटे काम करने का चमकदार उदाहरण है। जब हम सप्ताह में 70 घंटे काम की खूबियों पर चर्चा करते हैं तो हमें स्मार्ट तरीके से काम करने के बारे में भी सोचने की जरूरत है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### मनोरंजन कर सकता हूं



यह अविश्वसनीय है कि आप में से इतने सारे लोग देर रात आकर मुझे शुभकामनाएं देते हैं। मैं तो महज एक अभिनेता हूं। मुझे इस बात से ज्यादा खुशी कुछ भी नहीं है कि मैं आपका थोड़ा मनोरंजन कर सकता हूं।

-शाहरुख खान, अभिनेता

## करंट अफेयर

# फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से जल छोड़ा जाना शुरू

जापान में 2011 में आई सुनामी में क्षतिग्रस्त हुए फुकुशिमा परमाणु संयंत्र से तीसरे चरण की प्रक्रिया के तहत शोधित एवं हल्का रेडियोधर्मी अपशिष्ट जल बृहस्पतिवार से समुद्र में डालना शुरू कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पहले दो चरण की प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के पूरा कर लिया गया था। प्लांट संचालक की ओर से पहले दो चरण की प्रक्रिया के तहत प्रत्येक चरण में 7,800 टन शोधित पानी समुद्र में छोड़ा गया था और तीसरे चरण में 20 नवंबर तक इतनी ही मात्रा में पानी छोड़ने की योजना है।



## ऑफ बीट

# क्या कॉफी वाकई कैफीन मुक्त होती है

डिकैफ़िनेटेड या 'कैफीन मुक्त' कॉफ़ी व्यापक रूप से उपलब्ध है, और इसकी खपत में वृद्धि होने की सूचना है। यहां आपको कैफीन मुक्त कॉफ़ी के बारे में जानने की आवश्यकता है : यह कैसे बनाई जाती है, स्वाद, लाभ – और क्या यह वास्तव में कैफीन मुक्त है। डिकैफ़ कैसे बनता है? कॉफ़ी बीन की सुगंध और स्वाद को बरकरार रखते हुए कैफीन को हटाना कोई आसान काम नहीं है। डिकैफ़ कॉफ़ी हरे, बिना भुने कॉफ़ी बीन्स से उनकी कैफीन सामग्री को हटाकर बनाई जाती है और इस तथ्य पर निर्भर करती है कि कैफीन पानी में घुल जाता है। कैफीन को हटाने के लिए तीन मुख्य तरीकों का उपयोग किया जाता है :



## संक्षेप

### साइबर अपराधियों ने छात्र के खाते से उड़ाई 28 हजार रुपये

**साइबर सेल में की शिकायत, मामले की जांच शुरू**

अमन लेखनी समाचार

कैसरगज, बहराइच : बीएससी नर्सिंग में पढ़ने वाला छात्र साइबर अपराधियों के ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित के खाते से यूपीआई के माध्यम से हजारों की नकदी निकाल ली गई। घटना की जानकारी पीड़ित को तब हुई जब वह कालेज की फीस जमा करने के लिए पैसे निकालने गया। मामले की शिकायत सर्विलांस सेल में की गई है। कैसरगंज कोतवाली इलाके के वैरी महेशपुर इलाके का रहने वाला अनुभव श्रीवास्तव बीएससी नर्सिंग का छात्र है। वह सर्वेश शुक्ला इंस्टीयूट में पढ़ाई करता है। छात्र के खाते में फीस जमा करने के लिए लगभग 28 हजार रुपए थे। सोमवार की शाम को पता चला कि खाते से फरहाना बेगम के खाते में यूपीआई के माध्यम से पैसा ट्रांसफर कर लिया गया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर कैसरगंज कोतवाली में दी। वही मामले में सर्विलांस सेल ने भी जांच शुरू की है। विभागीय सूत्रों कि मानें तो साइबर अपराधियों ने पैसे आसाम में स्थित एक्सिस बैंक में ट्रांसफर किए गए हैं।

### केवीके बहराइच पर मनाया गया विश्व मृदा दिवस

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रभारी अधिकारी डा. पीके सिंह के दिशा निर्देशन में विश्व मृदा दिवस मनाया गया। डा. सिंह ने बताया कि विश्व मृदा दिवस 2023 का विषय 'मिट्टी और पानी, जीवन का एक स्रोत' है। हमारा 95 प्रतिशत से अधिक भोजन इन दो मूलभूत संसाधनों से उत्पन्न होता है। मिट्टी का पानी, पौधों द्वारा पोषक तत्वों के अवशोषण के लिए महत्वपूर्ण होता है। मिट्टी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। वे हमे आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करते है। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. पीके सिंह उद्यान ने बताया कि मिट्टी खाद्य पदार्थों के विकास के लिए आधार है। और विविध प्रजातियों का घर है। केंद्र के प्रसार वैज्ञानिक डा. अरुण कुमार राजभर ने बताया कि हर साल 5 दिसंबर को दुनिया भर में विश्व मृदा दिवस लोग एक साथ मनाते है, यह एक ऐसा अवसर है जो पृथ्वी पर जीवन बनाए रखने में मिट्टी की भूमिका पर प्रकाश डाला जाता है ताकि लोगो को मिट्टी, पौधों, जानवरो और मनुष्यों के बीच के संबंधों की याद दिलाता रहे। केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने किसानो को मिट्टी की जांच के तरीके के बारे में विस्तार से बताया। यंग प्रोफेशनल कुसाग्र सिंह ने सभी किसानो का रजिस्ट्रेशन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान अंकुर, संतराम, नूर अली, रामचंद्र, हरिराम, जगन्नाथ मौर्य, सुरेंद्र और पवन कुमार समेत कुल 61 से अधिक किसान उपस्थित हुए। और केंद्र के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दौरान योजनाओं का हुआ प्रचार प्रसार

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिये आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से आमजन में जागरुकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत मंगलवार को विकास खण्ड चित्तौरा की ग्राम पंचायत अशोका एवं जौहरा, ब्लाक जरवल की ग्राम पंचायत अहाता व बहरामपुर, ब्लाक कैसरगंज की ग्राम पंचायत लालपुर जलालपुर व परसेण्डी, ब्लाक नवाबगंज की ग्राम पंचायत मकनपुर व नव्वागांव, ब्लाक पयागपुर की ग्राम पंचायत भगतपुरवा व नारायनपुर, ब्लाक रिसिया की ग्राम पंचायत मझौव्वा मुझेहना व रायपुर कबूला, ब्लाक तेजवापुर की ग्राम पंचायत डोकरी व गनियापुर व ब्लाक विशेश्वरगंज की ग्राम पंचायत बुढ़नी भुलहिया व गांगूदेवर में शिविर का आयोजन कर बड़ी संख्या में आये हुए ग्रामवासियों को लाभान्वित किया गया। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना का प्रचार-प्रसार, पंजीकरण एवं आधार सीडिंग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा समृद्धि दिवस आजीविका, आजीविका मेला, संसाधन मेला, उत्पाद प्रदर्शनी, व्यापार/उद्यम विचार प्रतियोगिता, सरकारी योजनाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम व अन्य वित्तीय समावेशन योजनाओं में अभ्यर्थियों का पंजीकरण, स्टैण्डअप/स्टार्टअप तथा कृषि विभाग द्वारा कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, सरकारी योजनाएं व उनके प्रचार-प्रसार के साथ-साथ लाभार्थियों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर के दौरान चिकित्सा एवं स्वासथ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य मेला, आयुष्मान कार्ड का पंजीकरण/जागरूकता व प्रधानमंत्री जन औषधि के सम्बन्ध में जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ युवक मंगल दल के सदस्यों को खेल किट के वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सथानीय कलाकारों व छात्र-छात्राओं को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया तथा माई भारत स्वयंसेवकों का पंजीकरण भी किया गया। शिविर के अन्त में मौजूद लोगों को भारत संकल्प की शपथ भी दिलायी गयी।

# किसानों को मृदा दिवस पर दी गयी महत्वपूर्ण जानकारी

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। कृषि विज्ञान नानपारा द्वारा केंद्र पर विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के लगभग 100 से अधिक प्रगतिशील कृषक व कृषक महिलाओं ने प्रतिभा किया। केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर शैलेंद्र सिंह के द्वारा कृषकों को मृदा की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी गई तथा विभिन्न फसलों में विभिन्न पोषक तत्वों की उपलब्धता एवं उर्वरक दिए जाने की संस्तुतियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ शशिकांत यादव द्वारा मुख्य पोषक तत्व नत्रजन ,फास्फोरस, पोटाश, द्वितीय पोषक तत्व कैल्शियम ,मैग्नीशियम, एवं सल्फर व सूक्ष्म पोषक तत्वों जिंक ,कॉपर, आयरन, मैंगनीज, बोरान, मॉलीब्लेडिनम एवं क्लोरीन के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध कराई तथा यह भी अवगत कराया कि अमुक फसल में किसकी नितांत आवश्यकता होती है साथ ही साथ कृषकों को मृदा नमूना एकत्रित किए जाने के परिपेक्ष में कृषि विभाग के आए हुए कर्मचारियों के द्वारा प्रयोगात्मक जानकारी दी गई। केंद्र अध्यक्ष के द्वारा मृदा जांच रिपोर्ट कार्ड भी उपलब्ध करवाया गया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र के बृजेश कुमार एव उपेंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में किसान भी उपस्थित रहे।

# राजकीय आईटीआई, सात दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। मिशन रोजगार के अन्तर्गत प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से राजकीय आईटीआई, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 07 दिसम्बर 2023 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का राजकीय आईटीआई बंजारन टाण्डा नानपारा में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र के 05 नियोजकों द्वारा इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियों के पंजीकरण की कार्यवाही कर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा।यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार मेले में क्वेस कॉर्प, अप-टू स्किल्स/टाटा मोटर्स., पीपल ट्री आनलाइन कम्पनी, टोरेन्स हर्बल ग्रुप, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक तथा नवभारत फर्टिलाइजर्स द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। श्री कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज के फोटो के साथ 07 दिसंबर को प्रातः 11:00 बजे आईटीआई बंजारन टाण्डा, नानपारा में उपस्थित होकर रोजगार मेले का अधिकाधिक लाभ उठायें।

# जिम्मेदारों की लापरवाही से हर घर जल - हर घर नल योजना की उड़ रही धज्जियां

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होते हुए भी जिम्मेदार हुए लापरवाह जी हां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित हर घर जल हर घर नल योजना की बात कर रहा हूं जहां उत्तरप्रदेश में जहा शीर्ष क्रम पर काम कर रही है वही फतेहपुर जनपद के बिंदकी तहसील में इस योजना की धज्जियां उड़ती हुई नजर आ रही है आपको बताते चले की वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत केवल 17 प्रतिशत कवरेज के साथ 'हर घर नल से जल' योजना शुरू की गई थी. पीएम मोदी ने इसके तहत हर घर को कवर करने के लिए 5 साल का लक्ष्य तय किया था. इस साल योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर रहा है, जिसने अकेले भारत में 2.16 करोड़ में से 90.12 लाख नए नल कनेक्शन स्थापित किए है इसी के साथ हर घर जल योजना से यूपी में प्रतिदिन 40,000 से अधिक घरों तक नल सप्लाई पहुंचाई जा रहीं है। योजना का लक्ष्य वर्ष 2024 तक यूपी के 2 करोड़ 62 लाख से अधिक परिवारों तक नल से जल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना से आंगनबाड़ी केन्द्र और विद्यालयों को भी जोड़ने का काम भी जारी है जहां ग्रामीण स्तर के प्रधानों द्वारा समूह की महिलाओं में से किसी को जलसखी बनाकर इस योजना का निरीक्षण कर्ता के रूप में बनाया गया लेकिन सारी की सारी योजना सिर्फ कागजी खानापूर्ति करती हुई नजर आ रही है। जब मीडिया टीम गांव गांव हर घर जल हर घर नल योजना का सर्वे करने पहुंची तो ग्रामीणों में इस योजना के लिए तो बड़ी सहानभूति और प्रसंशा की, लेकिन इस योजना का जिम्मेदारों और ठेकेदारों द्वारा गलियों को खोदकर धराशाई बनाकर नेस्तनाबूद कर दिया गया है जिससे आने जाने में ग्रामीणों को दैनिक कार्यों में बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है साथ ही ठेकदार द्वारा कहीं कहीं पाइपलाइन डाली और कहीं नही डाली यह फिर यह कहना अनुचित नहीं होगा की जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है। आखिर कैसे पूरी होगी हर घर जल हर घर नल योजना या फिर जनता ऐसे ही परेशान रहेगी।

# हनुमान मंदिर से होते हुए निकाली गई भव्य शोभायात्रा



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। स्थानीय हनुमान मंदिर कैसरगंज के 42 वें वार्षिक उत्सव के अवसर पर एक विशाल शोभायात्रा हनुमान मंदिर परिसर से निकाली गई। इस शोभा यात्रा मे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। मंगलवार को हनुमान मंदिर पर सैकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हुए तथा विशाल हनुमान जी की प्रतिमा के साथ यह शोभायात्रा मंदिर परिसर से निकलकर मुख्य बाजार में पहुंची। जहां जय हनुमान के गगनभेदी उद्घोष से पूरा कस्बा गुंजायमान हो गया। शोभा यात्रा का रानी बाग स्थित रामजानकी मंदिर पर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद भी वितरित किया। भक्त गणों ने पुष्प वर्षा कर इस यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर बालाजी, गौरव प्रतीक सिंह, विकास सिंह, योगेश प्रताप सिंह, अनिल सोनी विवेक सिंह हिमांशु सिंह उमा प्रताप सिंह पिन्नू, पवन सिंह , आदित्य सोनी समाजसेवी सागरमल पारीक, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, शिव सहाय सिंह गजेंद्र सिंह बादशाह सिंह सन्दीप सोनी, आदि मौजूद रहे।

# एमडब्ल्यूओ ने गोल्ड मेडलिस्ट करिश्मा सेन को किया सम्मानित

**प्रांतीय अध्यक्ष बोले - प्रतिभाएं सम्पूर्ण राष्ट्र की धरोहर होती हैं**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की टॉपर गोल्ड मेडलिस्ट करिश्मा सेन को आज सामाजिक संगठन महापद्मनंद वेलफेयर ऑगेनाईजेशन एमडब्ल्यूओ ने सम्मानित किया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ आज करिश्मा सेन के गांव पूरे कनपुरियन मुसाफिरखाना पहुंचे। समाज को गौरवान्वित करने वाली बेटी को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति-चिन्ह व मिठाई देकर सम्मानित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिभाएं किसी एक समाज की नहीं बल्कि संपूर्ण राष्ट्र और समाज की धरोहर होती हैं। प्रतिभाओं के सम्मान से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। हमारे देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कहा करते थे कि सपने वो नहीं होते हैं जो नींद में देखे जाते हैं। सपने वो होते हैं जो आपको सोने न दें। करिश्मा सेन ने डॉक्टर कलाम के शब्दों से प्रेरणा लेते हुए अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए दिन-रात पढ़ाई की और यह मुकाम हासिल किया। आज आपके परिश्रम की खुशबू चारों ओर फैल रही है। कठिन संघर्ष और पारिवारिक परेशानियों के बीच आपने जो यह मुकाम हासिल किया है वह वाकई में अनुकरणीय व वन्दनीय है। जिलाध्यक्ष श्रीकांत शर्मा ने बुके देकर करिश्मा सेन का अभिनंदन करते हुए कहा कि आपकी इस उपलब्धि से आपके गांव के साथ-साथ पूरा अमेठी गौरवान्वित हुआ है। हम आपके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं।

# छुट्टे मवेशी किसानों एवं राहगीरों के लिए बने मुसीबत

**खेतों में तैयार हो रही फसलों का कर रहे नुकसान, सड़क पर आए दिन हादसा**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, मिल्कीपुर में आवारा जानवरों से किसानों समेत आम जनमानस की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक तरफ जहां झुंड के झुंड आवारा जानवर किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं, तो सड़क पर मौत का कारण बन चुके हैं। सड़क पर आवारा जानवरों से टकरा जाने से राहगीरों की आए दिन मौत हो रही है। घायल हो रहे हैं। लेकिन संबंधित अधिकारी सिर्फ कागजों पर ही सब कुछ सही होने का दावा कर रहे हैं। दरअसल मिल्कीपुर, अमानीगंज, हैरिंग्टनगंज क्षेत्र में आवारा जानवर किसानों एवं आम जनमानस के लिए मुसीबत बने हुए हैं। बड़ी संख्या में जानवर जहां किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, तो सड़कों पर झुंड के झुंड लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। मिल्कीपुर क्षेत्र 6 माह के आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत आवारा जानवरों से टकराने या फिर उनके हमले से हो चुकी है। पशु विभाग एवं खंड विकास अधिकारियों द्वारा सिर्फ कागजों में ही आवारा जानवरों के न होने का दावा कर रहे हैं। एक माह पूर्व लंपी रोग का हवाला देकर छुट्टे मवेशियों को नहीं पड़ा गया। जब अब लंपी रोग भी खत्म हो गई है। तभी आवारा मवेशियों को नहीं पकड़ा जा रहा है। सबसे बड़ी मुसीबत अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा मिल्कीपुर से अमानीगंज, कुमारगंज से खांडसा व मिल्कीपुर पेट्रोल पंप से खजुराहट संपर्क मार्गों पर है। जहां बड़ी संख्या में जानवर किसानों की फसलों को खा रहे हैं। बीच सड़क पर बैठकर हादसों का कारण बन रहे हैं। किसान राम कुमार, दयाराम, राजित राम, अयूब खान, सीताराम लवलेश का कहना है कि इन सड़कों और नेशनल हाईवे से रोज अधिकारियों का आवागमन होता है। लेकिन अधिकारियों की नजर इन जानवरों पर नहीं पड़ती है। जब किसी वीआईपी व्यक्ति के आने की सूचना होती है, तो जानवरों को खदेड़ दिया जाता है। ताकि कोई जान न सके। फिलहाल कुछ देर बाद तो ना जानवर मार्गों पर आ जाते हैं। खंड विकास अधिकारी केके सिंह ने बताया कि अभियान चलाकर मवेशियों को पकड़ा जा रहा है। बहुत जल्द आवारा पशुओं को गौशालाओं में कर दिए जाएंगे।

# हमीरपुर में ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**एक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर घायल, परिजनों ने किया हंगामा**

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर, हमीरपुर से होकर गुजरने वाले नेशनल हाइवे पर आज फिर हादसे के दौरान एक शख्स की मौत हुई है। जबकि दूसरा गंभीर घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। यह हादसा सुमेरपुर थाना क्षेत्र में इंगोहटा गांव के पास अरतरा मोड़ पर हुआ है। यहां खेतों में पानी लगाकर गांव वापस आ रहे बाइक सवार दो युवकों भूपेन्द्र यादव और सुरेन्द्र यादव को ट्रक ने टक्कर मारी है। इस हादसे में भूपेन्द्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सुरेन्द्र यादव गंभीर घायल हुआ है। किसी राहगीर ने दोनों की पहचान करते हुए पुलिस सहित परिजनों को इसकी सूचना दी। जिसने मौके पर पहुंच कर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। तब तक मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। जिन्होंने नेशनल हाई-वे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने काफी जद्दोजहद के बाद जाम लगाये लोगों को कार्यवाही का आश्वासन देकर जाम खुलवा दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# अयोध्या में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई मौत

**गूलर के पेड़ पर चढ़कर बकरी के लिए पत्ती काट रही थी महिला**

अमन लेखनी समाचार



अयोध्या, अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रानोपाली चौकी क्षेत्र के तिवारी का पुरवा में हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला बकरियों के लिए पत्ती काटने के लिए गूलर के पेड़ पर चढ़ी थी, इसी दौरान 11 हजार वोल्ट की लाइन की चपेट में आ गई और झुलस गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पेड़ से नीचे उतारा। उसके बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रानोपाली चौकी क्षेत्र के हैबतपुर की रहने वाली अशरूल निशा (45) रविवार सुबह बकरी के लिए पत्ती लाने घर से निकली थी। बूथ नंबर चार के तिवारी पुरवा स्थित पानी की ट्यूबुल के पास स्थित गूलर के पेड़ से पत्ती लेने के लिए पेड़ पर चढ़ी। पत्ती तोड़ते समय वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई। जिसके बाद वह पेड़ पर ही झुलस गई। घटना के वक्त तेज आवाज हुआ, इसके बाद महिला के शरीर में आग लग गई। इसके बाद आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और बिजली निगम के अधिकारियों को दी। जिसके बाद बिजली सप्लाई बंद कराई गई।

# सुलतानपुर में 2 चोरों ने मिलकर 5 जगह की चोरी

**पुलिस दो शातिरों गिरफ्तार करजेवरात के साथ 66 हजार कैश किया बरामद**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर के कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी की पांच वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को इनके पास से सोने-चांदी के जेवरात व 66 हजार नकद मिले हैं। नगर क्षेत्र में इधर बढ़ी चोरी की घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा ने आरोपियों को पकड़ने के लिए दरोगा दुर्योधन लाल, दरोगा शारदेन्दू दूबे, दरोगा गुड्डू राम, दरोगा रामेन्द्र वर्मा, दरोगा मुकेश कुमार, हेड कांस्टेबल प्रताप विक्रम सिंह, कांस्टेबल शकील अहमद और कांस्टेबल चन्दन कुमार की टीम को लगाया था। मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र के आवास विकास मैदान से दो शातिरों को घेर कर पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान कोतवाली पुलिस ने नगर क्षेत्र के राहुल चौराहा निवासी रवि कुमार (24) पुत्र विजय कुमार और आशीष कुमार बंसल (24) पुत्र गामा को आवास विकास मैदान के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार इनके पास से 66,600 नकद बरामद हुए हैं। इसके अलावा एक चेन सफेद धातु, एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बिछिया सफेद धातु, दो अंगूठी व एक नाक की कील पीली धातु, एक चेन पीली धातु, चार जोड़ी बिछिया, एक टीका पीला धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु और बिजली के तार का बंडल भी मिला है।

# संक्षेप

## 22 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

इन्हौना, अमेठी। अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशामुक्त अमेठी अभियान के तहत उ0नि0 रामसागर पटेल थाना इन्हौना मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र अब्दुल जव्वार निवासी चौधराना कस्बा व थाना इन्हौना जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष को रेलवे क्रासिंग, सढियामऊ मोड़ के पास से समय करीब 10:25 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 22 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## विशेष जज को धमकी देने वाला अपराधी वकील सहित गिरफ्तार

सीतापुर, सीतापुर में विशेष जज एससी/एसटी कोर्ट को कोर्ट चैंबर में धमकी भरा पत्र भेजने के मामले में आरोपी युवक और उसके सहयोगी वकील को गिरफ्तार करने का दावा किया है।पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को शहर के बाहर वैदेही वाटिका से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार करने का दावा किया है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने चालान कर न्यायालय भेज दिया है। घटना शहर कोतवाली इलाके की है। यहां जिला सत्र एवं न्यायालय में स्थित विशेष जज एससी/एसटी कोर्ट राम विलास सिंह को बीती 28 नवंबर को एक रजिस्ट्री डाक के जरिये पत्र भेजकर मछरेहटा थाना इलाके के ग्राम परसदा निवासी अपराधी कृष्ण कुमार दुबे ने जज और परिवार को जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने जज की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू की और महमूदाबाद स्थित डाक खाने की सीसीटीवी खंगाली। पुलिस ने बताया कि इस दौरान पुलिस को अपराधी युवक कृष्ण कुमार का साथी बाराबंकी निवासी वकील रामकुमार शर्मा भी तस्वीर में दिखा। पुलिस ने मुखबिर की मदद से दोनों अभियुक्तों को शहर के वैदेही वाटिका से गिरफ्तार कर लिया।

## जालौन में सड़क हादसे में युवक की मौत

जालौन, जालौन में रिश्तेदारी में भागवत कथा सुनने गए एक युवक को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।युवक का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा था।जहां इलाज के दौरान शनिवार को उसकी मौत हो गई।

# धान क्रय केंद्र अमेठी का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**किसानों से समन्वय बनाकर अधिक से अधिक धान खरीद करने के दिए निर्देश**

**केंद्र पर किसानों की बढ़ती आवक को देखते हुए दो अतिरिक्त कांटा बढ़ाने के दिए निर्देश**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज धान क्रय केंद्र अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना, इस दौरान उन्होंने धान क्रय केंद्र पर किसानों की बढ़ती आवक को दृष्टिगत रखते हुए केंद्र पर दो अतिरिक्त कांटा बढ़ाने के निर्देश जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को दिया। उन्होंने केंद्र प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि धान क्रय केंद्र पर किसानों को इंतजार ना करना पड़े जिसको जिस दिन का टोकन दिया गया हो उसी दिन खरीद की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में क्रय केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी ना होने पाए, खरीद के उपरांत भुगतान की कार्यवाही भी समयांतर्गत सुनिश्चित की जाए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अभी तक जो धान खरीदा गया है उसे संबंधित मिलों पर भिजवाने के निर्देश केन्द्र प्रभारी को दिए। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र प्रजापति ने बताया कि अभी तक 127 किसानों से 811 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। इस दौरान जिला खाद एवं विपणन अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडे सहित अन्य अधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौकमाफी में विश्व मृदा दिवस मनाया गया

अमन लेखनी समाचार




गोरखपुर। पीपीगंज महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र, चौकमाफी, मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा विश्व मृदा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन करते हुए केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ संदीप प्रकाश उपाध्याय ने केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर के सिंह, मुख्य अतिथि हेमंत राय, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चौकमाफी तथा विशिष्ठ अतिथि सुधीर पांडे ग्राम प्रधान पंडितपुर का स्वागत किया एवं विश्व मृदा दिवस के विषय से किसानों को अवगत कराते हुए मृदा स्वास्थ्य कार्ड की उपयोगिता को बताया इस वर्ष के विषय ₹मृदा एवं जल₹ के बारे में विस्तार से बताते हुए बताया की जीवन को बनाए रखने वाली मिट्टी विभिन्न मात्राओं में मिश्रित कार्बनिक पदार्थों, खनिजों, व अन्य योगिकों से बनती है तथा फसलों की अच्छी पैदावार लेने के लिए उर्वरकों का प्रयोग मिट्टी की जांच के आधार पर ही करना चाहिए ।केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर के सिंह ने बताया कि आज खेतों में किसानों द्वारा अत्याधिक रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों का इस्तमाल किया जाता है जिसके फलस्वरूप मिट्टी के जैविक गुणों में कमी आ रही है और मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घटती जा रही है। जो खाद्य सुरक्षा, पेड-पौधों के विकास, कीड़ों और जीवों के जीवन और आवास व मानव जाति के लिए बड़ा खतरा साबित हो सकता है ऐसे में मिट्टी का संरक्षण काफी आवश्यक हो गया है अतः किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाना चाहिए साथ ही शुद्ध बीज का प्रयोग करने को प्रोत्साहित किया ।केंद्र के शस्य वैज्ञानिक डॉ अवनीश कुमार सिंह ने उर्वरकों के असंतुलित मात्रा के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही जैविक खेती के प्रति किसानों को प्रोत्साहित किया । मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया तथा केंद्र के कर्मचारी जितेंद्र सिंह, गौरव सिंह, शुभम पांडे, आई. टी. सी. मिशन सुनहरा कल संस्था से अजीत सिंह, कृष्ण मोहन तथा डॉ रेड्डी फाउंडेशन से शिवेंद्र, अश्विनी सहित 50 किसानों ने प्रतिभाग किया।

# खोरिया भीटी में विकसित भारत संकल्प का आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत खोरिया भीटी में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री आवास, नि;शुल्क राशन, स्वच्छ भारत मिशन ,शौचालय, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य योजनाओं का सजीव प्रसारण करके ग्रामीणों को जानकारी दी गई। प्रसारण दिखाने के बाद कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में बताया गया।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सरकार समाज के अंतिम पायदान के लोगों तक योजनाओं को पहुंचकर अन्योदय योजना को सफल बना रही है। कार्यक्रम में खोरिया भीटी के आलोक कुमार पाण्डेय ऊर्फ सोनू पाण्डेय ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का गुणवतापूर्ण और समयबद्ध तरीके से करना मेरी प्राथमिकता है।सरकार भी गांवो के विकास के लिए संकल्पित है ।इस दौरान ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव, आलोक कुमार पांडेय ऊर्फ सोनू पाण्डेय, छोटेलाल मौर्या, रामबुझारत पासवान, राहुल पांडेय, रामभरोस, ऋषिकेश जायसवाल, रत्नेश पांडेय, जनार्दन पासवान, देवव्रत सिंह, समीर यादव, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग, आगनबाड़ी के कर्मचारी और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कुशीनगर महोत्सव में विजेता बच्चो को किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। कुशीनगर महोत्सव में योगगुरु अनुज पीयूष के नेतृत्व में गोरखपुर की टीम ने योग में विजेता रही है। जिसमें सहजनवा क्षेत्र के अनेक बच्चो ने प्रतिभाग किया था। टीम शामिल अनेक बच्चो ने प्रदेश में भिन्न भिन्न स्थानों पर आयोजित योग प्रतियोगिता में मेडल जीता है। और जिले का नाम रोशन किया है। मंगलवार को आजाद सेवा समिति के प्रबंधक अमरनाथ यादव ने विजेता टीम के बच्चो को सम्मानित कर उनका मान बढ़ाया है। संस्था की कुसुम शुक्ला,दिलीप मौर्य,विजय पांडेय,राम दुबे,अशोक वर्मा,अभिनाश,आंचल विजेता बच्चो को बधाई दी है।

# सहजनवा में जाम से निजात पाने के लिए पुलिस कर्मियों की होगी तैनाती



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर ।सहजनवा में लगातार जाम से जूझ रहे लोगो को जल्द ही जाम से निजात मिलने जा रहा है ।मंगलवार को सीओ अंजनी कुमार पांडेय के नेतृत्व में व्यापारियों और नगर के सभासद के बीच जाम की समस्या को दूर करने के लिए बैठक सम्पन्न हुआ। जिसमे निर्णय लिया गया की लगातार हो रहे जाम की समस्या को दूर करने के लिए सहजनवा थाने चौराहे और फोरलेन पर यातायात पुलिस व पुलिस कर्मियों की तैनाती की जायेगी। जो लगातार हो रहे जाम की समस्या को दूर कराने में मदद करेंगे। समस्या की हकीकत जाने के लिए अधिकारियों द्वारा पैदल मार्च कर जानकारी ली। इस दौरान एसओ ईत्यानंद पांडेय,चेयरमैन प्रतिनिधि कौशल सिंह,व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम अग्रवाल,सभासद मनोज कुमार जायसवाल,रविंद्र कुमार,गोपाल गुप्ता, महंथ मिश्र,चंचल पांडेय, संजय शुक्ल, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# 6 दिसंबर को भिक्षु संघ के द्वारा अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब को दी जाएगी श्रद्धांजलि

*भंते चंद्रिमा थेरो के नेतृत्व में 29 नवंबर से लेकर 17 दिसंबर तक चल रही है धम्म यात्रा*



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। छ दिसंबर को बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सारनाथ से चारिका करते हुए पैदल धम्म यात्रा 29 नवंबर 2023 से 17 दिसंबर 2023 तक लुंबिनी तक जाएगी, जिसमें सारनाथ से चलकर बड़हलगंज 6 दिसंबर को 4:30 बजे शायं भिक्षु संघ की यात्रा पहुंचेगी, जिसमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर चौराहे से भिक्षु संघ द्वारा कैंडल मार्च निकालकर शांति धम्म यात्रा एवं मंगल पाठ करते हुए पुनः बाईपास पर बाबा साहब को श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि की जाएगी उसके बाद ए यस शिक्षा निकेतन बाछेपार स्कूल में 6:30 शायं भिक्षु संघ द्वारा मंगल पाठ एवं धम्म देशना एवं भोजन दान के बाद विश्राम की व्यवस्था की गई है ।पुनः सुबह 7:00 बजे 7 दिसंबर को पदयात्रा सुरू हो जाएगी जो कुडवाआम में दोपहर भोजन दान की व्यवस्था की गई है ।भोजन दान के बाद पुनः गोला प्रस्थान करेंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी धर्म प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया जाता है कि आवे और पूज्य भन्ते चंद्रीमा थेरो जी के नेतृत्व में कार्यक्रम को सफल बनावे यह जानकारी भीम सेवा आश्रम के प्रबंधक शैलेंद्र कुमार बौद्ध ने दी है इस अवसर पर प्रमुख रूप से देवनारायण बौद्ध अध्यक्ष त्रिशरण पंचशील बुद्ध विहार, संतोष कुमार अध्यापक, डॉक्टर संतोष कुमार आदर्श मेडिकल स्टोर ,डॉक्टर संजय कुमार आदर्श क्लिनिक उपस्थित रहेंगे।

# पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता ने ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज कराई एफआईआर

**निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण न करने पर ठेकेदार के विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। तहसील तिलोई अंतर्गत 9.2 किमी चौरा से भड़मार वाया अलाईपुर मार्ग का कार्य निर्धारित समय से न पूर्ण करने एवं किए गए अनुबंध का उल्लंघन करने पर पीएमजीएसवाई के अवर अभियंता वीरेंद्र कुमार पाठक ने ठेकेदार मेसर्स वासू इंटरप्राइजेज प्रोपराइटर दिलीप चंगलान निवासी 648/ए, ब्लाक-ओ न्यू अलिपुर, कोलकाता दक्षिण प्रभाग पश्चिम बंगाल के विरुद्ध मोहनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।बताते चलें की शासन द्वारा जनहित में जनपद अमेठी में वित्तीय वर्ष एफडीआर तकनीकी से मार्गों के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है उक्त जनहित के मार्गों के कार्य का अनुबंध उपरोक्त ठेकेदार एवं अधीक्षण अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग परिमंडल अयोध्या के मध्य 21 सितंबर 2022 को गठित हुआ, ठेकेदार द्वारा उक्त अनुबंध के दिवस कार्य प्रारंभ कर दिया गया परंतु मार्ग पर मिट्टी का ही कार्य दिनांक 15 अक्टूबर 2023 तक किया गया अनुबंध के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 30 नवम्बर 2023 स्वीकृत थी ठेकेदार द्वारा कार्य समय से ना पूर्ण करने के कारण जहां एक ओर शासकीय धन की क्षति हो रही है वहीं दूसरी ओर मार्ग पर आने जाने वाले व्यक्तियों एवं आम जनमानस की दुर्घटना होने की भी आशंका है, जिसको लेकर उपरोक्त ठेकेदार के विरुद्ध अनुबंध का उल्लंघन करने एवं निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण न करने पर एफआईआर दर्ज कराई गई है।

# बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान

अमन लेखनी समाचार



गौरीगंज, अमेठी। पुलिस अधीक्षक अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी के पर्यवेक्षण में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था व अपराधियों पर निगरानी के दृष्टिगत जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने थानाक्षेत्र की विभिन्न बैंक शाखाओं, एटीएम एवं ग्राहक सेवा केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर बैंकों के अंदर-बाहर व आसपास खड़े संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई ।बैंक प्रबंधक से सीसीटीवी कैमरा, सायरन व सुरक्षागार्ड आदि के बारे में जानकारी ली गयी । बैंक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये ।

# पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा पुलिस कार्यालय में की गयी जनसुनवाई



अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज, अमेठी। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा जनसुनवाई की गयी ।इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।

# एंटी करप्शन कर ऑफ इंडिया का मनाया गया आठ स्थापना दिवस

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर।बड़हलगंज के सत्कार होटल में एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश ओझा द्वारा आठवां स्थापना दिवस मनाया गया।समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर अनंत नारायण भट्ट वैज्ञानिक डीआरडीओ ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभूषण सिंह उत्तर प्रदेश परिवहन आयुक्त लखनऊ रहे। स्थापना दिवस प्रोफेसर हरिप्रसाद संपूर्णानंद संस्कृत विद्यालय वाराणसी, राकेश पांडे नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज बड़हलगंज गोरखपुर, मारकंडे मणि तिवारी अध्यक्ष प्रेस क्लब गोरखपुर, प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा कुलपति संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी, सदानंद पांडे अपर आयुक्त की उपस्थिति में मनाया गया ।राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश ओझा ने कहा कि एंटी करप्शन कोर ऑफ इंडिया उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश सहित देश के 15 प्रदेशों में भ्रष्टाचार को मिटाने के लिए हमारे पदाधिकारी निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे हैं आज जो समाज में भ्रष्टाचार हो रहा है उस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए हमारी टीम सदा तत्पर तैयार रहती है अगर किसी व्यक्ति को अन्यायपूर्ण परेशान किया जाता है तो हमारी टीम न्याय दिलाने के लिए सदा तैयार रहती है इस अवसर पर अमित जायसवाल गोठा मऊ, सम्राट अशोक सोती चौराहा, नरेंद्र कुमार ओझा उझौली, मैथिली शरण ओझा बड़हलगंज, अशोक कुमार, रामज्ञान, रामनारायण, प्रजापति, रामनिवास, दीपक मौर्य पंकज सहित तमाम लोग मौजूद रहे ।

# सीतापुर में डीसीएम की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

- **सीतापुर से अमृतसर जा रही बाइक सवार बहू गंभीर घायल, हादसे के बाद वाहन छोड़कर फरार हुए चालक**

अमन लेखनी समाचार



सीतापुर, सीतापुर में तेज रफ्तार कहर देखने को मिला है। यहां एक डीसीएम ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।दर्दनाक हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग ससुर की मौत हो गई, जबकि बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।जबकि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।घटना बिसवां कोतवाली इलाके की है। यहां सड़क हादसे से बुजुर्ग की मौत से कोहराम मचा गया। जानकारी के अनुसार रेउसा थाना इलाके के ग्राम कलिमापुर निवासी 55 वर्षीय परगट सिंह अपनी बहू गुरविंदर कौर को लेकर बाइक से बिसवां स्थित रोडवेज बस स्टैंड जा रहे थे। बताया जाता है कि रास्ते में सीतापुर मार्ग पर बस स्टॉप के निकट ही सामने से आ रही डीसीएम ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दर्दनाक हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए। बाइक सवार ससुर और बहू गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलो को सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग ससुर परगट सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि बहू का इलाज जारी है। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

खास समाचार

## हज यात्रा हेतु आनलाईन आवेदन दिनांक 04 दिसम्बर से प्रारम्भ होकर 20 दिसम्बर 2023 तक चलेगा इच्छुक हज यात्री अपना आनलाईन आवेदन कर सकते है

सोनभद्र। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारीसुधांशु शेखर शर्मा ने अवगत कराया है कि हज यात्रा 2024 में सोनभद्र जनपद के सभी हज यात्रा के इच्छुक आवेदकों का आनलाइन आवेदन किये जाने हेतु घोषणा हज कमेटी आफ इण्डिया द्वारा दिनांक- 04.12.2023 को की जा चुकी है तथा आनलाइन आवेदन दिनांक- 04.12.2023 से आरम्भ होकर अन्तिम तिथि 20.12.2023 तक जारी रहेगा, हज आवेदन पत्र भरने से पूर्व आवेदक हज-2024 के दिशा-निर्देशों (गाइडलाइन) को ध्यान से पढ़ लें, आवेदन की निर्धारित अंतिम तिथि को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय पासपोर्ट की वैद्यता 31.01.2025 से कम नहीं होना चाहिए, आवेदन करते समय कोई रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा नहीं करना होगा, आवेदक आनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट http://hajcommittee.gov.in पर व मोबाइल एप हज सुविधा के माध्यम से आवेदन करेंगें, एक कवर में एक परिवार के अधिकतम चार व न्यूनतम एक वयस्क व दो इंफेण्ट आवेदन कर सकेंगे, आवेदन फार्म में अंकित आवासीय पता व पासपोर्ट में अंकित पता एक समान होने पर आवासीय प्रमाण के रूप में पासपोर्ट की फोटोप्रति मान्य होगी। यदि आवेदन फार्म में अंकित पता पासपोर्ट में अंकित पते से भिन्न है अथवा अन्य राज्य का है तो स्वहस्ताक्षरित प्रपत्र जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, वोटर पहचान पत्र व गत तीन माह के बिजली/टेलिफोन बिल लैण्डलाइन पानी का बिल, गैस कनेक्शन प्रमाण पत्र आवेदन फार्म के साथ संलग्न करना एवं वेबसाइट पर अपलोड भी करना होगा, प्रत्येक आवेदक के लिए मान्यता प्राप्त कोविड-19 की वैक्सीन का लगा होना अथवा उड़ान से एक माह पूर्व लगवाना आवश्यक होगा तभी यात्रा की अनुमति होगी, आवेदकों की न्यूनतम व अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। जनपद सोनभद्र के हज आवेदक, हज-2024 से सम्बन्धित जानकारी हेतु वाराणसी इम्बारकेशन के अन्तर्गत श्री गुलाम मोहम्मद, कनिष्ठ सहायक, सी0यू0जी0 नम्बर- 7310103543 पर फोन कर सूचना प्राप्त कर सकते हैं। ई-मेल पर जानकारी हेतु ई-मेल आई.डी shcuplko@rediffmail.com पर मेल प्राप्त कर सकेंगे।

## गाजीपुर जिले में वेलफेयर क्लब बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता प्रकोष्ठ के द्वारा 6 केंद्रों पर कराई जाएगी परीक्षा

गाजीपुर जिले में मंगलवार को वेलफेयर क्लब तथा बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता प्रकोष्ठ (संयुक्त) की आवश्यक बैठक प्रधान कार्यालय पीरनगर पर की गयी। जिसमे जनपद स्तरीय ह्लबौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिताह्व अंतर्गत लिखित परीक्षाओं के आयोजन तथा परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण पर विस्तृत चर्चा की गयी। क्लब पीआरओ सूर्य रेख मणि के अनुसार सामान्य ज्ञान ,गणित एवम तार्किक शक्ति, चित्रकला एवं निबंध की प्रतियोगिता 10 दिसम्बर दिन रविवार को जनपद के 06 केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी जिसमे गाजीपुर सदर क्षेत्र में रामदूत इंटरनेशनल स्कूल रौजा को मुख्य परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहाँ महाराजगंज, आदर्श गाव, रेवतीपुर, सुहवल क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षा देंगे जहाँ राहुल प्रताप मिश्रा को केंद्र व्यस्थापक नियुक्त किया गया है। वहीं गाजीपुर घाट, खालिसपुर, कठवामोड़ के अभ्यर्थियों के लिए सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल बोरसिया को केन्द्र बनाया गया है केन्द्र व्यवस्थापक प्रमोद कुमार बिंद होंगे, गौसपुर फिरोजपुर के छात्रों के लिए अवध इंटरनेशनल स्कूल को जहां रामनाथ कुशवाहा केन्द्र व्यस्थापक होंगे तथा मुहम्मदाबाद, सुरतापुर, मिजार्बाद, शेरपुर के अभ्यर्थियों को मार्टिंस चिल्ड्रेन एकेडमी भावरकोल में परीक्षा देनी होगी जहा श्रीमती सुषमा यादव को केन्द्र व्यस्थापक की जिम्मेदारी दी गई है, कासिमाबाद क्षेत्र में सूरज इंटरनेशनल स्कूल को केन्द्र बनाया गया है जहा अलावलपुर, गंगौली, नारायनपुर, महेशपुर के छात्र परीक्षा देंगे सत्यदेव दुबे केंद्र व्यस्थापक होंगे, शादियाबाद चौचकपुर करण्डा के छात्रो के लिये रेनबो मार्डन स्कूल नंदगज मे केन्द्र बनाए गए हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित किया गया कार्यक्रम

छात्राओं को किया गया जागरूक।

सोनभद्र। महिला कल्याण विभाग द्वारा आगामी 15 दिसम्बर तक बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत जनपद सोनभद्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पखवाड़े का शुभारंभ जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा किया गया , जहां महिला कल्याण विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा राजकीय बालिका इंटर कालेज रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र की छात्राओं प्रधानाचार्य एवं अध्यापिकाओं को एक दिवसीय एक्सकर्जन/एक्सपोजर विजिट कराया गया, जिसमें महिला थाना एवं वन स्टाप सेंटर का भ्रमण कराया व उनके कार्य प्रणाली एवं उद्देश्य के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई की एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करना। ड्ट पीड़ित महिला एवं बालिका को तत्काल आपातकालीन एवं गैर आपातकालीन सुविधायें उपलब्ध करना, जैसे- चिकित्सा, विधिक, मनौवैज्ञानिक परामर्श आदि। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला थाना प्रभारी सरोजमा सिंह, प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला, वन स्टाफ सेंटर की केंद्र प्रशासक दीपिका सिंह मिशन कोऑर्डिनेटर नीतू यति सिंह , जेंडर स्पेस्लिस्ट साधना मिश्रा, सीमा द्विवेदी , पैरामेडिकल नर्स प्रियंका, अर्चना, पूजा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गौशाला के पास पानी में उतराता मिला व्यक्ति का शव


अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। गुरसरॉय थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुरैठा में गौशाला के समीप बनी तलैया में ग्रामीणों को एक व्यक्ति का शव उतराता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई ।सूचना मिलने पर गुरसराय थाना अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह हलका इंचार्ज रमाकांत सिंह मय पुलिस फोर्स के ग्राम कुरैठा पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से व्यक्ति के शव को पानी से बाहर निकाला गया ।म्रतक व्यक्ति की पहचान ग्राम दखनेश्वर निवासी बुददे अहिरवार पुत्र भरोसे अहिरवार के रूप में की गई। बताया गया की मृतक करीब तीन दिन पहले अपने घर से खेत की कहकर निकला था। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## नगर पंचायत कार्यालय में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन

310 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण, 115 को भेजा गया ऑपरेशन के लिए

अमन लेखनी समाचार/हेमंत यादव




गरौठा, झाँसी। नगर पंचायत कार्यालय गरौठा में रतन ज्योति नेत्रालय चैरिटेबल फाउंडेशन ग्वालियर के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण कैंप लगाया गया। नेत्र शिविर के संयोजक संरक्षक एवं अध्यक्ष ओपी दीक्षित, डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा चैयरमैन, शिवनारायण शर्मा रहे। शिविर में कुल 310 मरीजों की आंखों की जांच की गई जिसमें से 115 मरीजों को मोतियाविंद के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। मोतियाविंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए चिन्हित मरीजों को दो बसों के माध्यम से उपजिलाधिकारी श्वेता साहू व नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर अरुण कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर ग्वालियर के लिए रवाना किया। ग्वालियर में उनका निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इस मौके पर ब्रज किशोर मिश्रा, राममोहन द्विवेदी, वरिष्ठ समाजसेवी काशीराम द्विवेदी, मानवेंद्र सिंह, विपिन कुमार द्विवेदी, जीतू मिश्रा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# एक बार फिर खनन क्षेत्र बिल्ली मारकुंडी में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुयी मौत

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सोमवार को खनन क्षेत्र ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी मे उस समय हड़कंप मच गया। जब एक पेटिदार की खदान में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जैसे घटना हुई वैसे ही अधिकतर खदानों में काम रूक गया। रात के अंधेरे में भी खनन नीतियों के विरुद्ध चलने वाला खनन क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया। हादसे की बाबत कोई भी खनन क्षेत्र का व्यक्ति मुहं खोलने तक को तैयार नहीं है। लेकिन वही परिजन साजिशन हत्या करने की बात कह रहे है। परिजनों का आरोप है कि, हाथ, पैर और सर में चोट के निशान मिले है। यही नहीं बिना पुलिस और मृतक के परिजनों को सूचित किये शव को जिला अस्पताल पंहुचा दिया गया। जिससे अंदेशाओं को बल मिल रहा कि मामला संदिग्ध है। मृतक मनोज देव पांडे के रिस्तेदार ने बताया कि मृतक ओबरा का रहने वाला था। मनोज एक ई टेंडर के खदान में पार्टनरशिप में काम कर रहा था। संभवतः वहीं पर कुछ विवाद हुआ होगा। मृतक का हाथ पैर टूटा हुआ है और सर में चोट लगी हुई है। मृतक के पार्टनर लोग ही मृतक को हॉस्पिटल में लाये थे और यहां पर छोड़कर भाग गए। हम लोग जब यहां आए तो यहां पर कोई नहीं था। बॉडी लावारिस हालात में यहां पड़ी हुई थी। मृतक के रिस्तेदार ने संदेह जताया है कि वाद विवाद में मारपीट के दौरान घटना को अंजाम दिया गया हो। वही मृतक के भाई अरविंद पांडेय और जीजा नीरज कुमार मिश्रा की तहरीर से ओबरा थाना में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई गई है। जिसके बाद पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू की और इसी सिलसिले में मंगलवार को एडिशनल एसपी कालू सिंह ने खनन क्षेत्र में सोमवार को हुए हादसे के बारे में बताया कि, शारदा मंदिर के पास रहने वाले अरविंद पांडे द्वारा ओबरा थाने में सूचना दी गयी कि उनके बड़े भाई मनोज पांडे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का शव लोढ़ी जिला अस्पताल के मोर्चरी में रखा हुआ है। इस सूचना पर ओबरा थाना पुलिस द्वारा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि मनोज पांडेय पेटिदारी का कार्य करते थे और मनोज पांडेय मोटरसाइकिल से बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में जा रहे थे। जहां पर ये गिर गए। जिन्हें 2 लोगों द्वारा जिला अस्पताल पहुंचाया गया। आगे की जांच की जा रही है। यूपी की पुलिस ऐसे हर घटना पर तत्काल हरकत में आती है पर सोनभद्र जिले के खनन क्षेत्र में लगातार हो रही संदिग्ध मौत के मामले में घटना के 24 घंटे बाद बयान जारी करती है। ये समझ के परे है और बड़ा सवाल भी खड़ी करती है। इस घटना में भी संदेह सामने आ रहा है। पीएम होने के बाद पुलिस का बयान जारी करना बहुत कुछ कहानी बयान कर रहा है।

## गाजीपुर में शादियाबाद थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा के धक्के से बुजुर्ग की मौत



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले तेज रफ्तार ई-रिक्शा के धक्के से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं शादियाबाद थानाध्यक्ष के मुताबिक ई-रिक्शा समेत चालक पकड़ लिया गया है। दूसरी ओर वृद्ध की मौत के बाद परिजनों कोहराम मचा हुआ है। जिले के शादियाबाद शादियाबाद थाना क्षेत्र के सराय सदकर गांव के पास सादात की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने साइकिल सवार 70 वर्षीय वृद्ध रामजन्म पाल को धक्का मार दिया। धक्का लगने की वजह से वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को मनिहारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुचाया, जहां पर डॉक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। गांव के लोगों ने बताया कि वृद्ध स्कूल में फीस जमा करके वापस घर जा रहे थे। तभी त्रिमुहानी पर घूमते समय सादात की तरफ से आ रहे ई-रिक्शा ने धक्का मार दिया और उनकी मौत हो गई। शादियाबाद थानाध्यक्ष कमलेश कुमार ने बताया कि ई-रिक्शा के धक्के से वृद्ध की मौत हो गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। ई-रिक्शा समेत चालक को पकड़ लिया गया है।

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन चुर्क में मंगलवार परेड की ली गई सलामी, किया गया निरीक्षण



शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए लगवाई गयी दौड़

यू0पी0 – 112 वाहनों की गहनता से की गयी चेकिंग

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। दिनांक 05.12.2023 को कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय द्वारा पुलिस लाईन चुर्क परेड ग्राउंड में मंगलवार परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया । निरीक्षण के पश्चात शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई । निरीक्षण के क्रम में यू0पी0 -112 व थानों से आये वाहनों की गहनता से चेकिंग की गयी तथा पीआरवी पर तैनात पुलिस कर्मियों से वाहनों में उपलब्ध दंगा नियंत्रण/सुरक्षा उपकरणों के सम्बंध में जानकारी लेते हुए उनकी चेकिंग की गयी । तत्पश्चात पुलिस लाईन चुर्क में स्थित क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा एएसपी मुख्यालय को सलामी दी गयी जिसपर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा सलामी का अभिवादन स्वीकार किया गया । इस दौरान क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, मेस व पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए ।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणो को किया गया जागरूक

अमन लेखनी समाचार




मीरजापुर - उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत निर्देश के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए दिनांक 21.11.2023 से 26.01.2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रम में जनपद के 07 विकास खण्डों के कुल 14 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन सम्पन्न हुआ। विकास खण्ड सीखड़ में ग्राम पंचायत लालपुर, मवैया, विकास खण्ड-सिटी में ग्राम पंचायत शाहपुर, वर्जी मुकुन्दपुर, विकास खण्ड कोन में ग्राम पंचायत, अनुरूद्धपुर पूरब पट्टी, गोबरहा, विकास खण्ड-पटेहरा कला के ग्राम पंचायत गुलालपुर, हदौर, विकास खण्ड छानबे, के ग्राम पंचायत रसैली, भावां, विकास खण्ड हलिया के ग्राम पंचायत बबुरा रघुनाथ सिंह, भटपुरा, एवं विकास खण्ड- जमालपुर के ग्राम पंचायत सहजनी कला खुर्द, चरगोदा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम आयोजित हुआ। जनपद के 14 ग्राम पंचायतों में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा सम्बन्धित नामित नोडल अधिकारी के पर्यवेक्षण में की गयी। सभी 14 ग्राम पंचायतों में विभिन्न विभागों द्वारा 05 स्टाल लगाये गये, उन स्टालों पर प्रदर्शन के साथ ही उपस्थित जन समूह को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा आन स्पाट पंजीयन आन लाइन आवेदन की कार्यवाही की गयी। विभिन्न सांस्कृतिक गति-विधियां आयोजित की गयी। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मा0 प्रमुख क्षेत्र पंचायतध्सदस्य जिला पंचायत/ग्राम प्रधान सहित अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। प्रत्येक विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित विकास विभाग के अतिरिक्त अन्य विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारीध्ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों एवं स्थानीय जनता सहित कुल प्रतिभागियों की संख्या 4038 रही है। इस प्रकार ग्राम पंचायतों में मा0 जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यकम सम्पन्न हुआ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में आयोजित चौपाल में विभिन्न लाभार्थियों से उनकी सफलता की कहानी की जुबानी सुनाई गई सुनील कनौजिया निवासी मवैया ने बताया कि मेरी पत्नी को उज्जवाला योजना के तहत गैस निशुल्क गैस मिला है इससे पहले लकड़ी को खाना बनता था जिससे काफी दिक्कत होती थी अब कोई दिक्कत नही हैं। मैं मा0 प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देती हूँ। श्रीराम सिंह ने निवासी विकास खण्ड सीखड़ ने बताया कि मुढे किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है, मैं केंद्र व प्रदेश सरकार को धन्यवाद देता हूँ।

## गाजीपुर जिले में एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने नर्सों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले के महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कालेज सभागार में हुए कार्यक्रम के तहत नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए ।इस दौरान 141 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए ।गाजीपुर के एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये ।सीएम योगी आदित्यनाथ ने आज यूपी में 2341 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये है ।यूपी सरकार ने आज 2341 स्टाफ नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए हैं ।इन नर्सों को यूपी के विभिन्न मेडिकल कालेज और सरकारी अस्पतालों में तैनात किया गया है ।बड़ी संख्या में नर्सों के पदों पर हुई नियुक्ति से लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और मेडिकल सुविधाएं मिलेंगी ।इस मौके पर एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने कहाकि यूपी सरकार लोगों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है ।उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में जुटी हुई है ,लगभग हर जिले में अब मेडिकल कॉलेज खोला जा रहा है, इससे जिले में डॉक्टरों की कमी पूरी हो रही है जिससे अधिक लोगों का उपचार किया जा रहा है, मैंने शहर की जनता और प्राचार्य की माँग पर महिला अस्पताल में हेल्थ एटीएम मशीन भी दिया है, आगे भी शासन से और सुविधाओं को बढ़ावा मिले इसका सार्थक प्रयास किया जाएगा ।इस अवसर पर एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने मेडिकल कॉलेज प्राचार्य के साथ कॉलेज के कैम्पस का निरीक्षण किया, ब्वायज होस्टल, लाइब्रेरी रूम, क्लास रूम, अटेंडेंस रजिस्टर ,फील्ड इत्यादि का निरीक्षण करते हुए उचित दिशा निर्देश भी प्राचार्य को दिए ।

## सामाजिक समरसता दिवस के पूर्व संध्या पर बिड़ला इण्टर कॉलेज पटवध में संगोष्ठी का किया गया आयोजन



अमन लेखनी समाचार

चोपन। नगर इकाई ने सामाजिक समरसता दिवस आज सामाजिक समरसता दिवस के पूर्व संध्या पर चोपननगर के बिड़ला इण्टर कॉलेज पटवध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे जिला सह संयोजक मनोहन निषाद ने बाबा साहेब के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके संघर्ष को बताया प्रमुख उपस्थिति मे जिला सह संयोजक मनमोहन निषाद, तहसील प्रमुख ज्योति प्रकाश पांडेय, अभय सिंह, रमेश साहनी, करन उपाध्याय, जय विश्वकर्मा, सहित भारी संख्या में कार्यक्रता उपस्थित रहे।

## चोपन पुलिस द्वारा अवैध खनन का परिवहन करते हुए वाहन के विरूद्ध की गयी कार्यवाही

चोपन सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में अवैध खनन के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना चोपन पुलिस द्वारा थाना चोपन क्षेत्र के अंतर्गत आज दिनांक 05.12.2023 को अवैध खनन का परिवहन करते हुए ग्राम करगरा में वाहन संख्या- वढ64फ9157 ट्रैक्टर मय टाली को पकड़ लिया गया। ड्राइवर मौके से वाहन को छोड़कर फरार हो गया । वाहन उपरोक्त को थाने पर लाकर एमवी एक्ट में सीज किया गया ।

22 दिसंबर को होगी मतगणना और विजयी पदाधिकारियों की घोषणा

# एसबीए चुनाव कार्यक्रम घोषित,7 दिसंबर से मिलेगा पर्चा

18 दिसंबर को होगा टेंडर मतदान

21 दिसंबर को डाला जाएगा वोट

अध्यक्ष, महामंत्री समेत 23 पदों के लिए होगा चुनाव : मुख्य चुनाव अधिकारी सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। बहु प्रतीक्षित सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के वर्ष 2023-2024 के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा मंगलवार को हो गई। 7 दिसंबर से जहां पर्चा की बिक्री शुरू हो जाएगी, वहीं 18 दिसंबर को टेंडर मतदान और 21 दिसंबर को वोट डाला जाएगा। 22 दिसंबर को मतगणना के साथ ही विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। जिससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई और अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों द्वारा जन संपर्क भी तेज कर दिया गया है। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के मुख्य चुनाव अधिकारी शशि कुमार मिश्र एडवोकेट ने वर्ष 2023- 2024 के चुनाव कार्यक्रम के बाबत बताया कि अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष समेत 23 पदों के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए 7 व 8 दिसंबर को पर्चा का वितरण दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच किया जाएगा। पर्चा 12 व 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच जमा किया जाएगा। प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 14 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे किया जाएगा। पर्चा पर आपत्ति 14 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच तथा उसी दिन दोपहर 2 बजे से 5 बजे के बीच पर्चा की जांच और आपत्ति निस्तारण किया जाएगा। वैध पर्चा का प्रकाशन 15 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे होगा। पर्चा वापसी 15 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से 2 बजे के बीच और अंतिम वैध पर्चा का प्रकाशन उसी दिन दोपहर बाद 3 बजे किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्याशियों के बीच मतदाता सूची का वितरण 16 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच में किया जाएगा। लेकिन मतदाता सूची सिर्फ जिन पदों पर वोट डाला जाएगा उन्हीं प्रत्याशियों को दी जाएगी। जो वकील मतदाता वोटिंग के दिन बाहर रहेंगे उनकी सुविधा के लिए 18 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच टेंडर मतदान कराया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के साथ 21 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से शाम 4:30 बजे तक वोट डाले जाएंगे। वहीं 22 दिसंबर को पूर्वान्ह 11 बजे से मतगणना कराई जाएगी और उसी दिन विजयी पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि मतदान और मतगणना के दिन दोपहर 1 बजे से 1:30 बजे के बीच भोजनावकाश रहेगा। उधर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा होते ही अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशियों का संपर्क तेज हो गया, जिससे चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है।

## हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल बीजपुर में हुआ वार्षिक खेल का आयोजन,कलाम हाउस का रहा अव्वल

बीजपुर (सोनभद्र) मंगलवार को बीजपुर स्थित हंसवाहिनी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद का समापन हुआ। सर्प्रथम मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक रामजियावन गुप्ता, प्रधानाचार्या दुर्गावती गुप्ता ने अध्यापको के साथ फीता काटकर खेलकूद प्रारंभ कराया। चारो सदनों में कब्बडी, खो-खो, स्पून रेस, फ्रॉक जम्प, 100 मीटर दौड़, रिले रेस खेल हुए। कब्बडी के फाइनल में कलाम ने गांधी हाउस को वही खो-खो में कलाम ने नेहरू हाउस को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में फ्रॉक जम्प व स्पून रेस मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा इसमें छोटे छोटे बच्चों ने अपने खेल से सभी का मन मोह लिया।। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों ने विजेता टीम व उप विजेता टीम के बच्चों को मेडल पहनाकर व उपहार देकर सम्मानित किया।

अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सर्दी के मौसम में कोई भी ड्रेस कैरी करते समय पहली प्रेफरेंस होती है, ठंड से बचाव। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि इस सीजन में आप स्टाइलिश नहीं दिख सकती हैं। इन दिनों मार्केट में जैकेट्स की लंबी रेंज मौजूद है। आप अपनी पसंद के मुताबिक इन्हें कैरी कर वार्म फील के साथ स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।

# इस कूल-कूल सीजन में हॉट-स्टाइलिश जैकेट्स

फैशन / प्रतिमा अरोड़ा





बात खान-पान की हो या ड्रेसअप की, हर सीजन का अपना अलग मजा होता है। मौसम का मिजाज, अपनी पसंद, लेटेस्ट ट्रेंड, एज, फिगर और ऑकेजन के हिसाब से आउटफिट्स कैरी कर आप अट्रैक्टिव-स्टाइलिश लुक पा सकती हैं। यह बात सर्दी के मौसम में भी लागू होती है। देश के उत्तरी, पूर्वी, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में धीरे-धीरे अब ठंड बढ़ रही है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा होगा। ऐसे में खुद को ठंड से बचाने के साथ ही स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप जैकेट्स ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों मार्केट में तरह-तरह की जैकेट्स मिल रही हैं। लेकिन अगर आप तय नहीं कर पा रही हैं कि इन सर्दियों में कौन सी जैकेट्स आपको ठंडी हवाओं से बचाएंगी, साथ ही सबसे अलग और स्मार्ट लुक देंगी, तो इस बारे में हम आपको दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## लेदर जैकेट

जैकेट का जिक्र आने पर अधिकतर लोगों की जुबान पर सबसे पहले लेदर जैकेट का ही नाम आता है। लेदर जैकेट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि लंबे समय से इसका ट्रेंड बना हुआ है। इसकी वजह यह है कि कैरी करने पर यह वैसी की स्टाइलिश और क्लासिक लुक देती है, जितना दशकों पहले दिया करती थी। केवल युवक ही नहीं युवतियां भी इसमें खूब जंचती हैं। अगर सर्दी के मौसम में आपको हर रोज पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ट्रैवलिंग करनी हो तो यह और सुटेबल रहती है। इसीलिए यंग वर्किंग वूमेन इन्हें बहुत चाव से कैरी करती हैं। लेदर जैकेट की एक स्पेशिएलिटी यह होती है कि यह हर तरह की डिजाइन, प्रिंट्स और पैटर्न में सूट करती है। इसलिए इन सर्दियों में आपके वार्डरोब में एक लेदर जैकेट तो होनी ही चाहिए।



## डेनिम जैकेट

वैसे तो डेनिम जैकेट, हल्की ठंड के लिए परफेक्ट होती है, लेकिन कड़ाके की सर्दियों में भी वार्म इनर पहन कर इसके मजे लिए जा सकते हैं। डेनिम जैकेट कॉलेज गोइंग गर्ल्स और यंग वर्किंग वूमेन की पहली पसंद है, क्योंकि यह काफी स्मूद और थिन होती है। डेनिम जैकेट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह वेस्टर्न आउटफिट्स में फिट और परफेक्ट दिखती है तो इसके साथ ही ट्रेडिशनल आउटफिट्स पर भी यह जैकेट अट्रैक्टिव लुक देती है।

## फर जैकेट

वैसे तो फर जैकेट्स, उन इलाकों के लिए ज्यादा सूट करती हैं, जहां दिसंबर जनवरी के महीनों में अकसर बर्फ गिरती है। यानी हिल एरियाज में तो इनकी काफी डिमांड होती है, क्योंकि फर जैकेट बहुत गर्म होती है। गर्म होने के साथ-साथ यह बहुत कंफर्टेबल भी होती है। अगर आपको ज्यादा ठंड महसूस होती है तो इसे आप कैरी कर सकती हैं। बाजार में फर की जैकेट गर्माइश की अलग अलग कैटेगिरीज में मिल जाती है। फर की जैकेट जहां अपने आंतरिक हिस्से में बेहद सॉफ्ट और कंफर्टेबल होती है, वहीं इसमें एक स्मूद लुक भी मिलता है, क्योंकि यह बहुत हैवी नहीं होती है, इसलिए यंग वूमेन इन्हें बहुत कंफर्ट के साथ हर ऑकेजन पर कैरी कर लेती हैं।



## एथनिक जैकेट

अगर आप ट्रेडिशनल ड्रेसेस और डिजाइन को पसंद करती हैं, तो एथनिक जैकेट समझिए आपके लिए ही है। यंग वूमेन इसे अपने सूट या साड़ी के साथ स्टाइलिश अंदाज में कैरी कर सकती हैं। एथनिक जैकेट आपको इस उलझन से भी बचाएंगी कि साड़ी के साथ क्या पहनें और सूट के साथ क्या पहनें, क्योंकि ये जैकेट्स दोनों आउटफिट के साथ मैच करती हैं और दोनों को परफेक्ट लुक देती हैं। कहने का सार यही है कि इन सर्दियों में स्टाइलिश दिखने के आप अपनी पसंद की जैकेट कैरी कर सकती हैं। *

केयर

शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

जिस तरह सर्दी के मौसम में बॉडी स्किन को ड्रायनेस से बचाने के लिए आप एक्स्ट्रा एफर्ट करती हैं। उसी तरह लिप्स को भी क्रैक-फ्री और सॉफ्ट बनाए रखने के लिए आपको कुछ टिप्स को फॉलो करना होगा।



# तब सर्दियों में भी लिप्स रहेंगे सॉफ्ट

सर्दी के मौसम में वातावरण में नमी की वजह से होंठों का फटना यानी क्रैक्ड लिप्स कॉमन प्रॉब्लम है। दरअसल, लिप्स पर बाकी स्किन की तरह ऑयल ग्लैंड्स नहीं होती हैं, जिस वजह से शरीर के अन्य अंगों की अपेक्षा लिप्स जल्दी शुष्क होकर कैंक होने लगते हैं। फटे होंठ जहां चेहरे पर बदसूरती का अहसास कराते हैं, वहीं इनकी सुंदरता से चेहरे के निखार पर चार चांद लग जाते हैं। इसलिए आपको बता रहे हैं, लिप केयर से जुड़े कुछ ईजी टिप्स। इन्हें अप्लाई करके आप अपने लिप्स को फटने से बचा सकती हैं।

**ड्रायनेस से ऐसे बचाएं :** लिप्स की स्किन पतली और सेंसिटिव होती है, जिससे यह सर्दियों में फटने लगती है। इससे बचने के लिए उन्हें ड्रायनेस से बचाना जरूरी है। सर्दियों में अपने लिप्स पर बार-बार जीभ ना फेरें। इससे लिप्स स्किन में ड्रायनेस आ सकती है। इससे इनके फटने की आशंका बढ़ जाती है। इससे बचाने के लिए इस मौसम में चेहरे को धोने के बाद लिप्स को सॉफ्ट टावल से क्लीन कर लें। इससे लिप्स स्किन पर मौजूद डेड सेल्स हट जाती हैं। रोज रात में सोने से पहले अपने लिप्स पर मलाई लगाएं, इससे वो सॉफ्ट बने रहेंगे। अगर इनका रंग काला पड़ रहा है तो मलाई में नीबू रस की कुछ बूंदें मिलाकर अप्लाई करना कारगर होगा।



**ये ऑयल हैं यूजफुल :** अपने लिप्स को सॉफ्ट बनाने के लिए आप शुद्ध बादाम तेल या आर्गन का तेल लगा सकती हैं। ये दोनों स्किन को न्यूट्रिशन देने में अहम रोल अदा करते हैं। आर्गन ऑयल की कुछ बूंदों से आप लिप्स पर मालिश कर सकते हैं। कोकोनट ऑयल भी पोषक और नमी बनाए रखने के गुणों से भरपूर होता है। यह स्किन को सॉफ्ट बनाता है। इसे लिप्स पर लगाने से सूर्य की अल्ट्रावॉयलेट किरणों के नुकसान को रोका जा सकता है। ये ऑयल, लिप्स स्किन को किसी क्रीम से बेहतर प्रोटेक्शन करते हैं। नारियल तेल को चेहरे पर किए मेकअप को हटाने में भी प्रयोग किया जाता है। अन्य स्किन केयर प्रोडक्ट्स की तरह इसमें कोई भी बाहरी तत्व नहीं मिलाया जाता है। नारियल तेल और आर्गन तेल से बने लिप बाम और क्रीम, सर्दियों में लिप्स केयर और सुंदरता के लिए आप यूज कर सकती हैं।

**ऐसे करें बचाव :** अपने होंठों को फटने से बचाने के लिए उन पर साबुन या पावडर लगाने से परहेज करें। इस सीजन में लिप वाम और स्मूद लिपस्टिक अप्लाई करना फायदेमंद है। लिपस्टिक क्लींजिंग क्रीम या जैल से ही हटाइए।

इन उपायों को आजमाकर इस मौसम में भी आप अपने लिप्स को सॉफ्ट बनाए रख सकेंगी। *




### विंटर डाइट में करें ये चेंज

**लिप्स समेत** बॉडी स्किन को ग्लोइंग और सॉफ्ट बनाने के लिए अपनी डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए सर्दी के मौसम में आप खट्टे फल, पका पपीता, टमाटर, हरी पत्तों वाली सब्जियां, गाजर, जई और दूध से बने प्रोडक्ट्स को डाइट में जरूर शामिल कीजिए। लेकिन अगर आप डायबिटीज या हाई बीपी की समस्या का सामना कर रही हैं तो अपने डाइट में किसी भी बदलाव से पहले डॉक्टर से जरूर सलाह कर लीजिए।

लघुकथा / पावनी

# दोहरी खुशी



दोपहर के दो बज चुके थे। राधिका को आज ना भूख लगी, ना प्यास और ना ही उसका घर पर मन ही लग रहा था। उसे रह-रह कर एक बेचैनी-सी महसूस हो रही थी। मन लगाने के लिए उसने मैग्जीन के पन्ने पलटे, गाने सुने, फोन पर सहेलियों से गपशप भी कर ली। घर के छोटे से बगीचे में दो-चार चक्कर लगाए। फिर भी कुछ ऐसा था कि बार-बार मन उचाट सा हो रहा था। आखिर में थक कर राधिका बाहर निकल आई। हाथ में एक थैला ले लिया और सब्जी मंडी की तरफ मुड़ गई। उसको लगा कि खीरे, टमाटर तो हमेशा ही चाहिए। वही खरीदकर ले आती हूं।

रास्ते में एक सब्जी से भरा हुआ ठेला दिखा। सोचा पास जाकर देखती हूं। इसी से टमाटर, खीरा खरीद लेती हूं। वैसे इतनी देर में ही बाहर आकर राधिका को कुछ अच्छा-सा महसूस होने लगा था। वह उस ठेले के नजदीक गई। ठेले पर सब कुछ ताजा ही था। उसने एक किलो खीरा और आधा किलो टमाटर खरीद लिए। सब्जी बेच रहा वह आदमी उसका चेहरा एक टक देखे जा रहा था। उसकी आंखों में राधिका के लिए एक अलग सा-भाव दिख रहा था। राधिका ने पैसे देते हुए सब्जी वाले से पूछा, 'क्या, कुछ कहना चाहते हो?'

सब्जी वाला बेहद सम्मान के भाव से बोला, 'आप मेरी गुरु हैं।'

यह सुनकर राधिका चौंकी और बोली, 'मैं समझी नहीं?'

सब्जी वाले ने बताया, 'आज से कोई सात-आठ साल पहले की बात है। आप रात को मेले से लौट रही थीं। मेला मैदान के बाहर से ही मैं और मेरी घरवाली सब्जी बेचकर लौट रहे थे। मेरी सात महीने की बेटी उसी ठेले पर सो रही थी।' 'अच्छा..!' राधिका सब्जी वाले की बातें गौर से सुन रही थी। 'फिर..?' राधिका को आगे की बात जानने की उत्सुकता हुई। 'फिर आपने एक किलो खीरा खरीदा। पैसे देते हुए बोली थीं, इस बेटी को अपना जग-संसार समझना। इसके आगे लाइन मत लगा देना।' सब्जी वाले ने याद दिलाया।

'ओह.. हां-हां... याद आया..!' राधिका को अपनी बात याद आ गई थी। 'जी, मेरी वही बिटिया सरकारी पाठशाला में होशियार छात्रा है। साथ ही अच्छी खिलाड़ी भी है।' सब्जी वाले ने बहुत खुश होकर बताया। 'अच्छा!' राधिका को भी खुशी हुई।

'जी, वह टेनिस भी खेलती है।' कहते हुए सब्जी वाले की आखें गर्व से चमक उठीं। पूरी बात सुनकर राधिका ने पर्स से निकाल कर उसे अपना विजिटिंग कार्ड दिया और बोली, 'इसमें मेरा नाम और घर का पता लिखा है। बेटी के लिए कुछ भी जरूरत हो तो निसंकोच बताना।' कार्ड लेकर वह सब्जीवाला हाथ जोड़कर आभार स्वर में बोला, 'मेरे पास तो हमेशा आपका दिया हुआ गुरुमंत्र है।'

राधिका हंस पड़ी, 'अच्छा!' सब्जी वाला बोला, 'हमने उस पर पूरा ध्यान दिया है। अब तो बेटी के अध्यापक-अध्यापिका भी हमारे घर पर आकर उसको खूब लाड़ करते हैं।'

'आहा... यह तो खुशी की बात है!' कहकर राधिका वापस अपने घर की ओर बढ़ गई। राधिका मन ही मन सोच रही थी, 'कभी-कभी किसी से यों ही कुछ कहना, उसके लिए जीवन मंत्र बन जाता है।' राधिका अब मन ही मन बहुत प्रफुल्लित थी। *

अगर आप जॉब या स्टडी की वजह से किसी दूसरे शहर में अकेली रहती हैं, तो आपको अपनी सेफ्टी के लिए कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए। कौन-सी हैं वो जरूरी बातें, जानिए।

# जब अंजान शहर में रह रही हों अकेले

एलर्टनेस / शीला श्रीवास्तव



आज के दौर में कई महिलाएं, युवतियां और टीनएज गर्ल्स, अपने करियर, जॉब या फिर पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों में अकेली रहती हैं। ऐसे में उनको अपनी सुरक्षा को लेकर हमेशा एलर्ट रहना चाहिए। खासतौर पर जहां आपने रूम लिया है, वहां कुछ बातों का ध्यान रखें।

**आवास पर हों जरूरी सुविधाएं :** जब आपको अंजान शहर में रहना हो तो अपने लिए सुरक्षित घर चुनें। आप जिस जगह रहने वाली हैं, वहां मोबाइल नेटवर्क आता है या नहीं, इसे चेक कर लें। वह जगह आपके रहने के लिए कितनी सुरक्षित है, इसके बारे में आस-पास के लोगों या इंटरनेट पर कंफर्म कर सकती हैं। रात के समय घर की ओर जाने वाले रास्ते पर रोशनी की अच्छी व्यवस्था जरूर होनी चाहिए। हो सके तो अच्छी सोसायटी में ही फ्लैट सेलेक्ट करें। सिक्योरिटी गार्ड, सीसीटीवी कैमरा जैसी व्यवस्था भी जांचें। पार्किंग या बेसमेंट का रास्ता सुनसान ना हो, इसका भी ध्यान रखें।

**नेबर्स के कॉन्टेक्ट में रहें :** अपने फ्लैट के पड़ोसियों से मेल-जोल बनाकर रखें। उनका फोन नंबर भी अपने पास रखें ताकि जरूरत पड़ने पर फोन करके उनकी मदद ले सकें। अपनी पर्सनल इंफॉर्मेशन किसी बाहर वाले से बिल्कुल शेयर ना करें। पड़ोसी से मेल-जोल भी जांच-परख कर ही करें। बेहतर होगा किसी दोस्त या कुलीग के साथ रूम शेयर करें।

**घर के अंदर भी हो सुरक्षा :** घर के दरवाजे पर कौन आया है, यह बिना जाने दरवाजा खोलना रिस्की हो सकता है। इसलिए घर चुनते वक्त यह जरूर ध्यान रखें कि उसमें दो दरवाजे हों, जिसमें बाहर की ओर जाली का दरवाजा लगा हो। आप चाहें तो दरवाजे पर डोर आई लगवा सकती हैं। या दरवाजे के पास ऐसी खिड़की हो जिससे दरवाजे पर खड़े व्यक्ति को देखा जा सके। वॉशरूम, ड्रेसिंग रूम में अच्छी तरह से पर्दे लगे हों। खासतौर पर जब घर ग्राउंड फ्लोर पर हो और अगर बालकनी हो तो इससे लगे कमरों का दरवाजा या स्लाइडर अच्छी तरह से बंद रखें।

**रूम लॉक बदलती रहें :** इंटरलॉक होने के बावजूद बाहर के दरवाजे में अपना लॉक भी लगाएं। इन्हें समय-समय पर बदलती रहें। बालकनी, वॉस एरिया या अन्य दरवाजों पर भी लॉक लगाकर ही बाहर निकलें, क्योंकि ऐसी जगहों पर आसानी से पहुंचा जा सकता है।

**अकेली हैं, यह सिर्फ आप जानें :** आप फ्लैट में अकेली रह रही हैं, इसकी जानकारी सोसायटी में किसी अन्य व्यक्ति को ना दें। खिड़की, दरवाजे को पर्दों से ढंककर रखें ताकि घर में कितने लोग हैं, यह बाहर से दिखाई ना दें। अगर सामान मंगवा रही हैं, तो दरवाजे पर चेन लगाएं ताकि थोड़ा-सा दरवाजा खोलकर सामान भीतर ले सकें।



**दोस्तों के संपर्क में रहें :** शहर भले अनजान हो, लेकिन आपके साथ काम कर रहे या पढ़ रहे साथी या दोस्तों के संपर्क में रहें। घर आने पर उन्हें सूचित करें। अपने घर पर भी फोन या मैसेज के जरिए घर आने की सूचना दें ताकि घर वाले भी निश्चिंत रहें। कुछ सेफ्टी एप्स मोबाइल में रखें ताकि जरूरत पड़ने पर करीबियों को सूचित कर सकें। लेकिन सोशल मीडिया पर अपनी एक्टिविटीज और लोकेशन सोच-समझकर पोस्ट करें। *





हेल्दी रहने के लिए रेग्युलर न्यूट्रिशस डाइट लेना तो जरूरी है ही। लेकिन इसके साथ ही फिटनेस के लिए एक्सरसाइज करना भी जरूरी है। यहां 5 ऐसी फिजिकल एक्टिविटीज के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपने रूटीन में शामिल कर आप फिट बॉडी पा सकती हैं।


# हेल्दी-फिट बॉडी के लिए 5 इफेक्टिव एक्सरसाइज

फिटनेस / मधु सिंह

समय से पहले एजिंग शुरू होना, हमेशा स्ट्रेस फील करना या इनएक्टिव लाइफस्टाइल की वजह से ज्वाइंट पेन, डायबिटीज, ओबेसिटी या बीपी की प्रॉब्लम होना कॉमन होता जा रहा है। केवल पुरुष ही नहीं महिलाएं भी इन समस्याओं का सामना करती हैं। ऐसी अनेक समस्याओं से बचने के लिए आप कुछ एक्सरसाइज को अपने रूटीन में शामिल कर सकती हैं। योगाभ्यास, स्किपिंग, क्रंचेस सिट-अप्स, एरोबिक्स और स्विमिंग के जरिए आप लंबे समय तक खुद को फिट रख सकती हैं।



**योगाभ्यास :** वैसे तो हर किसी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योगासन करना बहुत फायदेमंद है। लेकिन महिलाओं के लिए यह कहीं ज्यादा फायदेमंद साबित होता है, क्योंकि इससे उनकी फिजिकल और मेंटल हेल्थ की स्थिति सही बनी रहती है। महिलाओं में आमतौर पर होने वाले हार्मोनल डिसऑर्डर, पीसीओएस और थाइरॉयड फंक्शन कंट्रोल रहता है। नियम से योगाभ्यास करने से मोटापे, तनाव से छुटकारा मिलता है और एंग्जायटी भी नहीं होती है। इसलिए आपको रोज 30 मिनट योगा जरूर करना चाहिए।



**रस्सी कूद :** रस्सी कूदना (स्किपिंग) एक फुल बॉडी एक्सरसाइज है। रस्सी कूदने से शरीर के हर पार्ट की एक्सरसाइज हो जाती है, विशेषकर महिलाओं की। इसीलिए यह महिलाओं के लिए सबसे अच्छी एक्सरसाइज में से एक है। यह एक्सरसाइज महिलाओं के लिए इसलिए भी बहुत यूजफुल है, क्योंकि आमतौर पर उनके बाजुओं, कमर और चेस्ट पर फैट ज्यादा रहता है। चूंकि इस एक्सरसाइज में ये सभी अंग पूरी तरह से एक्टिव रहते हैं, जिस कारण फैट बहुत तेजी से घटता है, इसलिए यह एक्सरसाइज महिलाओं के लिए बहुत अच्छी मानी जाती है। कई गलतफहमियां हैं कि लड़कियों को यह एक्सरसाइज नहीं करनी चाहिए, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि लड़कियों को खासतौर पर यह एक्सरसाइज करनी चाहिए, इससे उनकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

**क्रंचेस सिट-अप्स :** पेट की मसल्स मजबूत बनाने के लिए सिट-अप्स सबसे इफेक्टिव एक्सरसाइज मानी जाती है। यह महिलाओं की कोर स्टेमिना बढ़ाती है। आप स्पोर्ट्स गर्ल्स हैं, तब तो यह आपके लिए बहुत जरूरी है। इसे करने के लिए घुटनों को मोड़ें, पैरों को जमीन पर रखें फिर अपने हाथों को सिर के दोनों ओर रखें और तीनों को एकसाथ ऊपर उठाएं। यह एक्सरसाइज बहुत फायदेमंद होती है।

**एरोबिक्स :** महिलाओं को फिट रखने में एरोबिक्स एक्सरसाइज भी बहुत हेल्पफुल है। कुछ एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह महिलाओं के लिए बेस्ट होता है। यह वेट लॉस, स्टेमिना बढ़ाने और हार्ट को मजबूत बनाने में मदद करता है। रोजाना 30 मिनट की एरोबिक्स एक्सरसाइज हार्ट प्रॉब्लम, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल, ब्लडप्रेशर के रिस्क को भी कम कर सकती है। इसे करने से दिमाग भी फ्रेश रहता है। एरोबिक्स एक्सरसाइज में वॉकिंग और साइकिलिंग खासतौर पर शामिल होती हैं। लेकिन इसके साथ डांसिंग और जुंबा भी कर सकती हैं।

**स्विमिंग :** ऐसी कई रिसर्च हुई हैं, जिसमें बताया गया है कि नियमित रूप से स्विमिंग करने वाली महिलाएं अपनी उम्र से 10 साल तक छोटी दिखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जो महिलाएं नियमित तौर पर स्विमिंग करती हैं, उनका ब्लडप्रेशर कंट्रोल में रहता है, कोलेस्ट्रॉल लेवल मेंटेन रहता है, नर्वस सिस्टम बिल्कुल फिट रहता है और मसल्स भी मजबूत रहती हैं। तभी स्विमिंग करने वाली महिलाएं अपनी उम्र से कम दिखती हैं। आप भी अपनी एक्सरसाइज रूटीन में स्विमिंग एड कर सकती हैं। *

# दिल्ली से सत्संग सुनकर लौट रही महिला को अज्ञात वाहन ने रौंदा: दर्दनाक मौत

सिकंद्राराऊ- 4 दिसंबर। कोतवाली क्षेत्र में एक महिला को एक ट्रक ने कुचल दिया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर पुलिस भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है जनपद फरुर्खाबाद के मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव खिमसेपुर निवासी करीब 50 वर्षीय महिला श्रीमती शीला देवी पत्नी अनार सिंह एक सत्संग में शामिल होने के लिए दिल्ली गई थी। इसके बाद वह बीती रात्रि में बस से वापस लौट रही थी। मध्य रात्रि में सिकन्द्राराऊ कोतवाली क्षेत्र में एटा रोड पर रतिभानपुर के निकट बस से उतर कर जब सड़क पार कर रही थी तो पीछे से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। दुर्घटना में महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।